DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

# दो बजे दोपहर

## बीजेपी की तरफ ये बनाए जा सकते हैं मंत्री

| | | |
|---|---|---|
| चंद्रशेखर बावनकुले | राजेश पवार | अमीत साटम |
| राहुल नार्वेकर | अभिमन्यु पवार | राहुल कुल |
| समीर कुंवर | राम भदाणे | महेश लांडगे |
| संजय कुटे | गिरीश महाजन | राधाकृष्ण विखे |
| किशोर जोर्गेवार | देवयानी फरांदे | सचिन कल्याण शेट्टी |
| रमेश कराड | रवीन्द्र चव्हाण | गोपीचंद पडलकर |
| अतुल सावे | नितेश राणे | जयकुमार गोरे |
| | अतुल भातखलकर | |




# फडणवीस की होगी ताजपोशी!

- महाराष्ट्र में सीएम शिंदे ने छोड़ा मुख्यमंत्री पद पर दावा
- फडणवीस के सीएम होने पर दोनों घटकों से होंगे डिप्टी सीएम

**अमित बृज । मुंबई**

महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड जीत और सीएम की रेस से एकनाथ शिंदे के हटने के बाद अब देवेंद्र फडणवीस की वापसी का रास्ता साफ हो गया है। महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की जब ठाणे में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे। उस वक्त पर देवेंद्र फडणवीस नागपुर में थे। ऐसा माना जा रहा है कि 29 नवंबर को मुंबई में होने वाली विधायकों की बैठक में फडणवीस को औपचारिक तौर पर नेता चुना जाएगा। इसके बाद नई सरकार के शपथ ग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। सीएम शिंदे के मुख्यमंत्री पद की दौड़ से हटने के बाद अब सीएम और दो डिप्टी सीएम के फॉर्मूले के तहत शिवसेना से कोई और उप मुख्यमंत्री बन सकता है।

### महायुति 2 .0 में 22 :12 :10 का लागू हो सकता है फॉर्मूला

महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री बीजेपी से होने के बाद पार्टी की तरफ कौन-कौन मंत्री बन सकता है। ऐसे में 20 के करीब नाम सामने आए हैं। महायुति की नई सरकार में 22 :12 : 10 फॉर्मूला रहने की चर्चाएं हैं। बीजेपी के साथ शिवसेना और एनसीपी को सरकार में अहम विभाग मिल सकते हैं। शिवसेना के चीफ एकनाथ शिंदे ने सीएम को फैसला पीएम मोदी और अमित शाह पर छोड़ा है। फडणवीस महाराष्ट्र के दूसरे ऐसे नेता है जिन्होंने बतौर मुख्यमंत्री पांच साल का कार्यकाल पूरा किया है। फडणवीस 2019 में पांच दिन तक सीएम रहे थे। ऐसे में उनकी पांच साल बाद भी से वापसी होगी।

### शिंदे की तरफ क्या रखी गई शर्त?

सूत्रों की मानें महायुति में अंदरखाने चीजें तय होने के बाद ही एकनाथ शिंदे ने प्रेस कांफ्रेंस की। संसद के सत्र के बीच दिल्ली में आज सुबह राष्ट्रवादी काग्रेस पार्टी के नेता प्रफुल्ल पटेल और सुनीत तटकरे ने अमित शाह के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी।। शिंदे गुट के सभी सांसदों ने भी गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की। सूत्रों की मानें तो शिंदे की तरफ नई सरकार में गृह विभाग देने की मांग की गई है। महायुति 1.0 में यह विभाग डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने अपने पास रखा था। इसके अलावा सीएम शिंदे ने कुछ और महत्वपूर्ण विभाग पार्टी को मिलने की मांग की है। फडणवीस के पास गृह के साथ कानून और न्याय के साथ जल संसाधन, कमांड एरिया डेवलपमेंट के अलावा एनर्जी और प्रोटोकॉल के विभाग थे ।इतना ही अन्य शर्तें राज्य में होने वाले महानगर पालिका चुनावों से जुड़ी हैं।

### शिंदे ने नहीं खोले पूरे पत्ते

सीएम शिंदे अपने गृहनगर ठाणे में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। सीएम शिंदे कई मौकों पर भावुक दिखे। उन्होंने कहा कि उन्होंने ढ़ाई साल में 10 साल जितना काम किया। उन्होंने बार-बार पीएम मोदी और अमित शाह का आभार व्यक्त किया और खुद को कॉमनमैन के तौर पर पेश किया। सूत्रों की मानें तो शिवसेना को महायुति 2 .0 सरकार में कई अहम मंत्रालय मिल सकते हैं। शिंदे के सीएम की रेस से हटने के बाद अब तय है कि डिप्टी सीएम का पद शिवसेना को मिलेगा। अब देखना यह है कि शिवसेना की ओर डिप्टी सीएम कौन बनता है। सरकार में फॉर्मूला एक सीएम दो डिप्टी सीएम का रहने की उम्मीद है। एकनाथ शिंदे जब प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे तब उनके करीबी दादा भुसे वहीं मौजूद थे। दादा भुसे के अलावा शंभूराज देसाई का नाम भी चर्चा में है। अभी तक महायुति 2 .0 का जो फॉर्मूला सामने आया है। उसके अनुसार 22 मंत्री बीजेपी, 12 शिवसेना और 10 मंत्री अजित पवार की पार्टी को मिलेंगे।

▸ पेज 3 भी देखें

### चंद्रशेखर बावनकुले ने एकनाथ शिंदे की तारीफों के बांधे पुल

ठाणे में महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एवं शिवसेना के पक्षप्रमुख एकनाथ शिंदे की बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस समाप्त होते ही नागपुर में बीजेपी की प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए शिंदे का आभार माना। उन्होंने कहा कि एकनाथ के निर्णय से महायुति और मजबूत हुई है। बावनकुले ने कहा कि विपक्षी दल के लोग बेकार ही शिंदे के नाराज होने का शोर मचा रहे थे, लेकिन शिंदे ने उन सबको जवाब दे दिया है। पत्रकारों से बात करते हुए बावनकुले ने आगे कहा कि विपक्षी दलों के नेता एकनाथ शिंदे जैसे कर्तव्यपरायण व्यक्ति के व्यक्तित्व पर सवाल खड़े करने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन शिंदे ने आज उन सबको मुंहतोड़ जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा, " महायुति के नेता के तौर पर शिंदे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके महाराष्ट्र की जनता और राज्य के सभी लोगों के सामने अपनी भूमिका बहुत स्पष्ट रूप से बता दी।"

### अजित पवार ने भी मीडिया को जवाब दिया

इसके बाद एनसीपी प्रमुख अजित पवार ने छत्रपति संभाजीनगर में मीडिया को जवाब दिया. पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों पर अगले दो दिनों में क्या होगा? इसकी पूरी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि मैं महाराष्ट्र के सभी मतदाताओं और महायुति के सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं. हमारी जिम्मेदारी बढ़ गयी है. एकनाथ शिंदे ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इसके बाद चंद्रशेखर बावनकुले ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. हम तीनों गुरुवार को दिल्ली जा रहे हैं. वहां हमारी आगे की सारी चर्चा होगी. उसके बाद नए मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों की सरकार अस्तित्व में आएगी. अजित पवार ने कहा कि कल 28 तारीख है. अजित पवार ने यह भी साफ किया कि शपथ ग्रहण समारोह 30 तारीख या 1 दिसंबर तक होना चाहिए.

## गरीबों के लिए बनी पेंशन हड़प गए सरकारी कर्मचारी

### गजेटेड अधिकारी भी शामिल, अब होगी वसूली

**एजेंसी । तिरुवनंतपुरम**

सूचना केरल मिशन द्वारा किए गए निरीक्षण में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। राज्य के 1,458 सरकारी कर्मचारी अवैध रूप से उन सामाजिक कल्याण पेंशनों का लाभ उठा रहे थे, जो केवल समाज के कमजोर वर्गों के लिए ही निर्धारित हैं। यह जांच केरल के वित्त विभाग के निर्देश पर की गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त मंत्री के.एन. बालगोपाल ने खुलासे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'यह बेहद चौंकाने वाला है कि सरकारी कर्मचारी ही लाभार्थियों की सूची में शामिल हैं। अवैध रूप से प्राप्त धनराशि की पाई-पाई उनसे वसूली जाएगी। इसके अलावा, इस तरह की घटनाओं की जांच की जाएगी और दस्तावेजों में गड़बड़ी करने में शामिल अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। राज्य कल्याण पेंशन गरीब लोगों के लिए है और इसका दुरुपयोग नहीं होना चाहिए।'



#### सरकार का रुख

सरकार ने इन कर्मचारियों से अवैध रूप से ली गई राशि वसूलने और इस गड़बड़ी में शामिल अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। वित्त मंत्री ने इसे समाज के गरीब वर्गों के अधिकारों पर कुठाराघात बताते हुए इसे तुरंत रोकने का आश्वासन दिया है।

#### 5 श्रेणियों में 60 लाख लाभार्थियों को मिलता है पेंशन

केरल सरकार कमजोर वर्गों के लोगों के लिए हर महीने 1,600 की पेंशन देती है। यह पेंशन 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों या 50 वर्ष से अधिक आयु की अविवाहित महिलाओं को मिलती है। हालांकि, सरकारी कर्मचारियों को यह पेंशन लेने का अधिकार नहीं है। जांच में सामने आया कि अवैध लाभार्थियों में गजेटेड अधिकारी, कॉलेज प्रोफेसर और उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक शामिल हैं। 1,458 कर्मचारियों में 373 स्वास्थ्य विभाग से, 224 सामान्य शिक्षा विभाग से, 123 चिकित्सा शिक्षा विभाग से और इसके अलावा, तकनीकी शिक्षा, होम्योपैथी, राजस्व, कृषि, न्यायपालिका, सामाजिक न्याय और कॉलेजिएट शिक्षा विभाग के कर्मचारी भी इस सूची में शामिल हैं।

### रोहित पवार ने मतगणना में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद पवार) के विधायक रोहित पवार ने हाल में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतपत्रों और ईवीएम के जरिए की गई मतगणना में गड़बड़ी होने का आरोप लगाया है। रोहित ने बुधवार को मांग की कि निर्वाचन आयोग विपक्ष को निजी विशेषज्ञों द्वारा जांच के लिए किसी भी ईवीएम का निरीक्षण करने की अनुमति दे। रोहित पवार ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि एनसीपी (एसपी) के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल की गई ईवीएम पर संदेह जताया है और यह संदेह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार के पोते रोहित पवार कर्जत-जामखेड विधानसभा सीट को 1,200 मतों के मामूली अंतर से बरकरार रखने में कामयाब रहे।

## अब अजमेर दरगाह में शिव मंदिर का दावा

### राजस्थान की अदालत ने मंजूर कर ली याचिका

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राजस्थान में अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा करते हुए अजमेर सिविल कोर्ट में लगाई गई याचिका को कोर्ट ने सुनने योग्य माना है। यह याचिका हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से याचिका लगाई गई। सिविल कोर्ट (वेस्ट) के जज मनमोहन चंदेल ने यह दावा करती याचिका को स्वीकार कर लिया है।



#### ASI सर्वे कराए जाने की मांग

इस केस में दरगाह का ASI सर्वे कराए जाने की मांग की गई है, ताकि सबूत जुटाकर पता लगाया जा सके कि अजमेर दरगाह पहले शिव मंदिर थी या नहीं। कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई के बाद नोटिस के निर्देश जारी किए। बता दें संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के आदेश के बाद वहां हुई हिंसा के बाद अब अजमेर दरगाह के सर्वे को लेकर आया ये आदेश काफी अहमियत रखता है।

#### अजमेर की दरगाह पहले हिंदू संकट मोचन मंदिर

इससे पहले मंगलवार को कोर्ट ने 27 नवंबर को अगली सुनवाई मुकर्रर की थी। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने दावा किया है कि अजमेर की दरगाह पहले हिंदू संकट मोचन मंदिर हुआ करती थी और इसके समर्थन में उन्होंने दस्तावेज और साक्ष्य भी प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि 1910 में प्रकाशित हर विलास शरदा की एक पुस्तक में भी इस मंदिर का उल्लेख मिलता है। गुप्ता ने अदालत में विभिन्न अन्य दस्तावेज भी पेश किए और मांग की कि अजमेर दरगाह का सर्वेक्षण किया जाए और इसकी मान्यता को रद्द कर हिंदू समाज को यहां पूजा करने का अधिकार दिया जाए।

#### नोटिस जारी किए जाएंगे

कोर्ट के आदेश के अनुसार, अजमेर दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक विभाग और एएसआई को नोटिस जारी किए जाएंगे। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने वकील रामनिवास बिश्नोई और ईश्वर सिंह के मार्फत कोर्ट में वाद दायर किया था।




# स्वास्थ्य सुविधाओं की खस्ता हालात

## प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला की एम्बुलेंस में हुई मौत

डीबीडी संवाददाता | पालघर

महाराष्ट्र के पालघर जिले की 26 साल की एक गर्भवती महिला की एम्बुलेंस में मौत हो गई। ये उस एम्बुलेंस में अस्पताल ले जाते समय हुई, जिसमें ऑक्सीजन और अन्य आवश्यक सुविधाएं नहीं थीं। बुधवार को अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पालघर के एक सिविल सर्जन डॉ. रामदास मराड ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र में खास एम्बुलेंस की कमी के बारे में अधिकारियों के सामने बार-बार इस बारे में चिंता जताई है। प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिला को मंगलवार की शाम गंभीर हालत में यहां एक ग्रामीण अस्पताल में लाया गया था।

### 108 पर लगाया था कॉल

एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि उसके परिवार ने '108' आपातकालीन सेवा के माध्यम से ऑक्सीजन और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं से लैस एक एम्बुलेंस का इंतजाम करने के अथक प्रयास किए लेकिन उनकी अपील पर कोई जवाब नहीं दिया गया। अंततः उन्हें कासा ग्रामीण अस्पताल द्वारा एक सामान्य एम्बुलेंस प्रदान की गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस बारे में पुष्टि की कि सिलवासा के रास्ते में महिला की स्वास्थ्य में जटिलताओं के कारण मौत हो गई और पेट में पल रहा भ्रूण भी जीवित नहीं रहा। डॉ. मराड ने कहा कि महिला को गंभीर हालत में कासा ग्रामीण अस्पताल लाया गया था। उनके अनुसार, पेट में पल रहे भ्रूण की गर्भ में मौत हो चुकी थी।





### 'पहले आते तो बचा सकते थे'

स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा, 'अगर वह पहले आती तो हम उसे बचा सकते थे।' पालघर से लोकसभा सदस्य डॉ. हेमंत सवारा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को इस मामले में आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए और एम्बुलेंस में पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। ग्राम सारनी निवासी पिंकी डोंगरकर को मंगलवार की शाम प्रसव पीड़ा शुरू हो गई थी। उसका परिवार तुरंत उसे कासा ग्रामीण अस्पताल ले गया, लेकिन उसकी हालत की गंभीरता को देखते हुए वहां के कर्मचारियों ने उसे पड़ोसी सिलवासा शहर (केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव में) रेफर कर दिया।

### भाजपा सांसद ने जताया दुख

अस्पताल पहुंचने पर, महिला की अर्ध-चेतन अवस्था थी और उसमें गंभीर संक्रमण के लक्षण दिखे थे। निजी तौर पर संचालित 108 आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाओं के मुद्दों पर, डॉ. मराड ने कहा कि एम्बुलेंस शायद ज्यादा मांग के कारण उपलब्ध नहीं हो सकी। बातचीत में पालघर से भाजपा सांसद सावरा ने कहा, 'यह बेहद दुखद घटना है। स्वास्थ्य विभाग को इस संबंध में जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटना न हो। एम्बुलेंस सेवाओं में पर्याप्त ऑक्सीजन और कार्डियक सपोर्ट सुविधाएं होनी चाहिए। साथ ही, मरीज के साथ एक डॉक्टर का होना भी जरूरी है। मैं सरकार से इस बारे में बात करूंगा।' पालघर के दहानू से नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्य और माकपा नेता विनोद निकोले ने कहा कि उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान सदन में यह मुद्दा उठाया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के प्रति 'उदासीनता' को लेकर सरकार की आलोचना की और राज्य पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल की तत्काल जरूरतों के बजाय लाडकी बहिन योजना जैसे अन्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता देने का आरोप लगाया।

## कलवा, मुंब्रा व दिवा परिसर में शुक्रवार को पानी की सप्लाई बंद



डीबीडी संवाददाता | ठाणे

महाराष्ट्र औद्योगिक विकास महामंडल पानी सप्लाई करने वाले बारवी डैम कटाई नाका से मुकंद कंपनी तक पाईप लाईन के दुरुस्तीकरण का काम किया जायेगा। 28 नवंबर रात 12 बजे से 29 नवंबर 12 रात तक पानी कलवा, मुंब्रा, दिवा परिसर में पानी की सप्लाई बंद रहेगी। पानी सप्लाई शुरुआत होने के बाद कई घंटे तक कम दबाव से होगा। इसलिए नागरिकों से पानी की व्यवस्था करने के लिए व सदुपयोग करने के लिए मनपा ने आवाहन किया है।

## ठाणे में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

**जिस्म फरोशी के जाल से मुक्त कराई गईं दो महिलाएं, संचालिका गिरफ्तार**



डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने जिस्म फरोशी के धंधे में शामिल एक रैकेट का पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने देह व्यापार के दल-दल में फंसी दो महिलाओं को रेस्क्यू करने का दावा किया है। साथ ही इस रैकेट को चलाने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ी गई महिला से पूछताछ जारी है। ठाणे पुलिस के मानव तस्करी विरोधी प्रकोष्ठ (AHTC) के एक अधिकारी ने इस मामले में जानकारी देते हुए पीटीआई को बताया कि रैकेट का संचालन करने वाली 30 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया गया है और दो अन्य महिलाओं को बचाया गया है। उन दोनों महिलाओं को जबरन वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया गया था।

### प्राथमिकी दर्ज, पूछताछ जारी

AHTC के अफसर ने बुधवार को बताया कि उनकी टीम ने एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए अंबरनाथ रेलवे स्टेशन के पास एक होटल के पास आरोपी महिला को पकड़ने के लिए एक जालसाज का इस्तेमाल किया, जो रैकेट चलाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल करती थी। एएचटीसी अधिकारी ने कहा कि देह व्यापार के लिए मजबूर की गई 25 और 26 साल की दो अन्य महिलाओं को बचाव गृह भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार महिला के खिलाफ अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अब उससे पूछताछ की जा रही है। ताकि इस धंधे में उसके साथ शामिल अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।

## प्रतियोगी परीक्षाओं में सकारात्मक करें प्रयास : डॉ. रवींद्र शिसवे

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

केंद्रीय सिविल सर्विस की परीक्षा में सफल होने के लिए भावनात्मक बुद्धिमत्ता महत्वपूर्ण है। सभी परीक्षार्थियों के लिए सकारात्मक सोच के साथ सदैव प्रयत्न करना चाहिए। यह बात मुंबई लोहमार्ग पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र शिसवे ने कहा। ठाणे मनपा की ओर से संचालित चिंतामणराव देशमुख प्रशासकीय प्रशिक्षण संस्था व मनपा आयुक्त सौरभ राव के निर्देशानुसार प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के लिए इस व्यख्यान को आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के संचालक महादेव जगताप ने डॉ. शिसवे का स्वागत किया।साल 2001 के आयपीएस बैच के अधिकारी डॉ. रवींद्र शिसवे ने मुंबई के प्रतियोगिता परीक्षा



में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों से बात चीत किया। इस परीक्षा में सफलता के लिए सहन शीलता होना चाहिए और नकारात्मक सोच वाले लोगों से दूर रहना चाहिए। समयानुसार निरंतर अभ्यास करें। अभ्यास नोट करते समय शार्ट हैंड कौशल का उपयोग करने के लिए कहा।

## झगड़े की बात पूछने पर तीन लोगों पर हुआ चाकू से हमला

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

भिवंडी तालुका के भादवड़ नाका इलाके में दो लोगों ने आपस में मिलीभगत कर पुराने झगड़े का कारण पूछने गए थे। उसी बीच एक ने चाकू निकाल कर दो भाइयों और उनके एक दोस्त पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुराने झगड़े से उपजे विवाद पर कल्पेश पाटिल और कामेश पाटिल दोनों के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। चाकू के हमले में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों के नाम कपिल गुरुनाथ पाटिल, ज्ञानेश्वर और उनके दोस्त अन्ना राव है। पुलिस



द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक, उक्त दोनों आरोपी और घायल तीनों भादवड़ गांव में रहते हैं और कुछ महीने पहले उनके बीच झगड़ा हुआ था। इसी बीच 24 नवंबर को दोपहर 2:30 बजे जब कपिल और उसका दोस्त अन्ना खेत पर जा रहे थे, तभी कपिल का भाई ज्ञानेश्वर कल्पेश और कामेश से पिछले झगड़े के बारे में पूछने गया, उसी समय कल्पेश ने कपिल के सिर में, ज्ञानेश्वर पर चाकू से बाएं ओर उसकी कमर पर और अन्ना राव की कमर पर बायीं ओर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। साथ ही कामेश ने लात घूसों से मारपीट और गाली गलौज भी की है। इस मामले में शांतिनगर पुलिस स्टेशन में कल्पेश और कामेश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 118(1), 115(2) सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच पुलिस नामदार एम बी केसकर कर रहे हैं।

## तलोजा पुलिस स्टेशन में जब्त वाहनों की सार्वजनिक नीलामी 29 नवंबर को

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रवीण भगत ने बताया कि विभिन्न अपराधों में जब्त किए गए वाहनों की नीलामी 29 नवंबर, 2024 को नवी मुंबई के तलोजा पुलिस स्टेशन परिसर में होगी । तलोजा पुलिस स्टेशन की सीमा के भीतर विभिन्न अपराधों में प्राप्त 05 दोपहिया और 01 चार पहिया वाहनों सहित कुल 06 लावारिस वाहनों को तलोजा पुलिस स्टेशन के परिसर में एक साथ रखा गया है। माननीय सेशन कोर्ट की अनुमति से इन वाहनों की नीलामी 29 नवंबर को की जाएगी, जो



नागरिक सार्वजनिक नीलामी से वाहन खरीदने में रुचि रखते हैं, उन्हें इन वाहनों के बारे में अधिक जानकारी के लिए तलोजा पुलिस स्टेशन के दूरभाष नंबर 022-27412333/ 9082125141/ 9870301090 पर संपर्क करना चाहिए। ऐसी अपील नवी मुंबई के तलोजा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रवीण भगत ने एक प्रकाशन के माध्यम से की है।

## नवंबर में 1 लाख 60 हजार का जुर्माना और 62 किलो प्लास्टिक जब्त

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

'प्लास्टिक-मुक्त नवी मुंबई' की संकल्पना को साकार करने के लिए नागरिकों तक पहुँचकर एकल-उपयोग प्लास्टिक के उपयोग से बचने के लिए व्यापक जन जागरूकता पैदा की जा रही है और दूसरी ओर, प्लास्टिक की थैलियों के स्टॉक को जब्त कर लिया जा रहा है। नगर आयुक्त डॉ। कैलास शिंदे के निर्देशानुसार दिवाली से पहले प्लास्टिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई शुरू की गई है और नवंबर माह में 25 दुकानों/प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और 1 लाख 60 हजार की जुर्माना राशि वसूली गई है। साथ ही 62 किलो 100 ग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया है।



इसमें बेलापुर मंडल में 18 दुकानों/प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर 1 लाख 25 हजार की जुर्माना राशि वसूली गई है और 42 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया है। इसी तरह नेरुल में एक दुकान पर कार्रवाई कर 5 हजार की जुर्माना राशि वसूली गई और 1।5 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया। वाशी डिविजन में 1 दुकानदार से 1 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया और 5 हजार का जुर्माना वसूला गया। कोपरखैरणे डिवीजन में 1 दुकानदार से 500 ग्राम प्रिवेंटिव प्लास्टिक जब्त किया गया और 5000 का जुर्माना भी वसूला गया। इसके अलावा सर्किल 1 में भरारी टीम ने 15 किलो प्लास्टिक जब्त कर 5 हजार जुर्माना वसूला और सर्किल 2 में भरारी टीम ने 3 दुकानदारों पर कार्रवाई कर 2 किलो 100 ग्राम प्लास्टिक स्टॉक जब्त कर 15 हजार जुर्माना वसूला। इस प्रकार नवंबर माह में नामुम्पा क्षेत्र में 1 लाख 60 हजार जुर्माना राशि वसूल की गई है और 62 किलो 100 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई है।

## संजान और उमरगाम रोड के बीच ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें प्रभावित



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई सेंट्रल मंडल के दहानू रोड-वलसाड सेक्शन में संजान और उमरगाम रोड स्टेशनों के बीच रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए कंपोजिट गर्डर लॉन्च करने के लिए मंगलवार, 03 दिसंबर, 2024 को ब्लॉक लिया जाएगा। अप एवं डाउन मेन लाइन पर 12.00 बजे से 14.00 बजे तक दो घंटे का ब्लॉक लिया जाएगा, जिसके कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने यह जानकारी दी।

### ट्रेनों का विवरण

**रेगुलेट / रिशेड्यूल होने वाली ट्रेनें :-**

- ट्रेन संख्या 19015 दादर- पोरबंदर सौराष्ट्र एक्सप्रेस 02 घंटे 15 मिनट रेगुलेट होगी।
- ट्रेन संख्या 09055 बांद्रा टर्मिनस- उधना स्पेशल 01 घंटा रिशेड्यूल होगी।
- ट्रेन संख्या 14805 यशवंतपुर- बाड़मेर एसी एक्सप्रेस 50 मिनट रेगुलेट होगी।
- ट्रेन संख्या 12925 मुंबई सेंट्रल - अमृतसर पश्चिम एक्सप्रेस 50 मिनट रेगुलेट होगी।
- ट्रेन संख्या 12216 बांद्रा टर्मिनस- दिल्ली सराय रोहिल्ला गरीब रथ 40 मिनट रेगुलेट होगी।
- ट्रेन संख्या 12217 कोचुवेली- चंडीगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 35 मिनट रेगुलेट होगी।
- ट्रेन संख्या 09143 विरार- वलसाड पैसेंजर 01 घंटा रेगुलेट होगी।
- ट्रेन संख्या 12926 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस 01 घंटा 50 मिनट रेगुलेट होगी।
- ट्रेन संख्या 19028 जम्मू तवी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 01 घंटा 50 मिनट रेगुलेट होगी।
- ट्रेन संख्या 22497 श्री गंगानगर-तिरुचिरापल्ली हमसफर एक्सप्रेस 01 घंटा 30 मिनट रेगुलेट होगी।
- ट्रेन संख्या 22954 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल गुजरात सुपरफास्ट एक्सप्रेस 01 घंटा 30 मिनट रेगुलेट होगी।
- ट्रेन संख्या 22195 वीरांगना लक्ष्मीबाई-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस 45 मिनट रेगुलेट होगी।

**शॉर्ट टर्मिनेट / निरस्त होने वाली ट्रेनें :-**

- ट्रेन संख्या 09159 बांद्रा टर्मिनस- वापी पैसेंजर घोलवड तक चलेगी तथा घोलवड और वापी के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
- ट्रेन संख्या 09144 वापी- विरार पैसेंजर घोलवड से प्रस्थान करेगी तथा वापी और घोलवड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
- ट्रेन संख्या 09154 वलसाड- उमरगाम रोड मेमू स्पेशल भिलाड में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा भिलाड और उमरगाम रोड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।
- ट्रेन संख्या 09153 उमरगाम रोड- वलसाड मेमू स्पेशल भिलाड प्रस्थान करेगी तथा उमरगाम रोड और भिलाड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

## नासिक कुंभ मेला 2027 के लिए 6900 करोड़ का बजट

डीबीडी संवाददाता | नासिक

नासिक और त्र्यंबकेश्वर में 2027 में सिंहस्थ कुंभ मेला होने वाला है, जिसके लिए अभी से तैयारी शुरू हो गई है। विधानसभा चुनाव का शोर थमने के बाद कुंभ मेले की तैयारी में तेजी आई है। इस क्रम में जिलाधिकारी जलज शर्मा ने बीते मंगलवार को कुंभ मेले की तैयारी की समीक्षा की। इस बैठक में मनपा ने 6900 करोड़ रुपए का अंतिम प्रस्ताव जिलाधिकारी के सामने पेश किया है, जिसमें साधुग्राम में 3 जलकुंभ और शहर में 9 फ्लाईओवर प्रस्तावित किए गए हैं। कुंभ मेले के तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी अब हर मंगलवार को मनपा की समीक्षा बैठक करेंगे। 2027 के कुंभ मेले के लिए यहां देश-विदेश से 5 करोड़ भक्तों के आने की संभावना जताई जा

### साधुग्राम में 3 तालाब और 9 फ्लाईओवर प्रस्तावित



रही है। साधुओं, महंतों, अखाड़ों और भक्तों की संख्या को ध्यान में रखते हुए बजट में रिंग रोड, नए रास्ते, प्रमुख रास्तों की मरम्मत, पार्किंग, अस्थायी निवारागृह, साधुग्राम आदि कामों का समावेश है। रिंग रोड से जुड़ने वाली 20 मिसिंग लिंक जोड़ने का निर्णय लिया गया है। मनपा ने रिंग रोड की मिसिंग लिंक के भू-सम्पादन सहित लगभग 17 हजार करोड़ का प्रारूप बजट तैयार किया था।

### बजट में की 11 हजार करोड़ रुपए की कटौती

कुंभ मेले की योजना तैयार करते समय मनपा ने साधु ग्राम के लिए भूमि अधिग्रहण और अन्य पहलुओं सहित 17 हजार करोड़ रुपए की मसौदा योजना पेश की थी, लेकिन भूमि अधिग्रहण मनपा की जिम्मेदारी होने के कारण विभागीय आयुक्त डॉ. प्रवीण गेडाम ने योजना से 11 हजार करोड़ रुपए की कटौती कर इसे 6,900 करोड़ रुपए कर दिया।

### कुंभ 2027 के लिए तैयारियां हुई तेज

आगामी कुंभ के लिए यहां साधुग्राम के लिए 500 एकड़ जमीन आरक्षित की गई है और 3 हजार प्लॉट का नियोजन किया गया है। लगभग 3 अखाड़े और 1100 खालसों में 5 लाख साधुओं की व्यवस्था करने का नियोजन किया गया है। प्रत्येक पर्वणी में 80 लाख भक्तों के आने की संभावना को ध्यान में रखते हुए 5 करोड़ भक्तों का अनुमान लगाया गया है। आने वाले भक्तों के लिए 15 हजार मोबाइल शौचालय, 9 नए फ्लाईओवर, 5 हजार दिशा सूचक कमानी, शहर में प्रवेश करते समय स्वागत कमानी, 350 किलोमीटर के अंतर्गत सड़क विकास, 60 किलोमीटर बैरिकेडिंग, सेक्टर ऑफिसर, राशन दुकानें, दूध वितरण व्यवस्था, एटीएम, बस परिवहन आदि का नियोजन किया जा रहा है।

### 2 करोड़ श्रद्धालु आए थे 2015 के कुंभ में

इससे पहले 2015 के सिंहस्थ कुंभ मेले में 2 लाख साधु-महंत नासिक में उपस्थित हुए थे। इसके लिए साधुग्राम के लिए 327 एकड़ जमीन आरक्षित की गई थी। इस पर साधु-महंतों के आखाड़े और खालसों के लिए एक 1729 प्लॉट बनाए गए थे। कुंभ मेले की नासिक और त्र्यंबकेश्वर, दोनों स्थानों पर 2 करोड़ भक्तों ने हाजिरी लगाई थी, जैसा कि प्रशासन ने बताया था। पिछले कुंभ मेले में 27 किलोमीटर की ड्रेनेज लाइन बिछाई गई थी, 2 हजार पथदीप लगाए गए थे औक भक्तों के लिए 9 हजार मोबाइल शौचालयों की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा भक्तों के लिए 5 किलोमीटर के नए घाट बनाए गए थे और 925 दिशा सूचक फलक भी लगाए गए थे।

## बैलेट पेपर को लेकर कांग्रेस करेगी आंदोलन

**नाना पटोले बोले- 'जनता की भी यही भावना है'**



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। सत्तारूढ़ गठबंधन ने राज्य की 288 सीटों में से 230 सीटें जीतकर रिकॉर्ड बहुमत हासिल किया है। वहीं, सीएम चेहरे को लेकर गठबंधन में खींचतान जारी है। इसे लेकर बीजेपी, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित) के बीच बैठकों का दौर शुरू है। इस बीच बुधवार को महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने मुख्यमंत्री का चेहरा तय नहीं होने पर तंज कसा।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने महायुति गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव नतीजे आने के 4 दिन बाद भी महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री का चेहरा तय नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ऐसा मुख्यमंत्री चाहती है जो आंख बंद करके फाइलों पर दस्तखत कर सके। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने यह बात पार्टी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। इसमें महाराष्ट्र कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता और नवनिर्वाचित विधायक भी मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस नेता ने बैलट पेपर पर चुनाव कराने पर जोर दिया है। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि राज्य की जनता नए सीएम के नाम का इंतजार कर रही है। लेकिन नतीजों के चार दिन बाद भी सीएम का चेहरा तय नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि अभी तक उनके मित्र का आदेश नहीं आया है। जब तक मित्र का आदेश नहीं आता है, तब तक सीएम पर कोई फैसला नहीं होगा।

# कल्याणकारी योजनाओं की वजह से मिली प्रचंड जीत: एकनाथ शिंदे

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा में महायुति की सत्ता में फिर से वापसी हुई है। बीजेपी, शिवसेना और एनसीपी के गठबंधन ने जीत का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बम्पर जीत के बाद कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना के नेता एकनाथ शिंदे ने बुधवार को ठाणे में अपने घर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की और बताया कि महायुति को इतनी प्रचंड जीत कैसे मिली है? महायुति पर कैसे वोटों की बारिश हुई? उन्होंने कहा कि मैं एक गरीब परिवार से आया हूं, इसलिए सारा दर्द समझता हूं। प्रिय बहनों, प्रिय किसानों के लिए योजनाएं शुरू की गईं। एक सरकार के रूप में हमने आम लोगों को सहायता प्रदान की है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि हम बाला साहेब ठाकरे और दिघे साहेब के विचारों को लेकर आगे बढ़े हैं। अमित शाह ढाई साल तक पूरी ताकत से खड़े रहे। उन्होंने धन मुहैया कराया। एकनाथ शिंदे ने कहा कि उन्होंने समर्थन दिया है। राज्य की प्रगति की गति बढ़ी है। हमने जो फैसले लिए हैं वो ऐतिहासिक हैं। किसानों और सिंचाई के फैसले लिये गये।



### हुई वोटों की बारिश, शिंदे ने बताई वजह

एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमने राज्य को नंबर एक पर ले जाने का काम किया है। छह महीने में हम नंबर एक पर पहुंच गये। वोटों की बारिश हमारे द्वारा किए गए काम और लिए गए निर्णयों के कारण हो रही है। उन्होंने कहा कि मैंने भाषण में मां और पत्नी का विषय उठाया। घर कैसे चलाएं। मैं उन्हें बताता था कि मितव्ययी कैसे बनें, लेकिन मुझे लगा कि अगर मेरे पास अधिकार है तो मुझे उन सभी के लिए कुछ करना चाहिए। महिलाओं या मरीजों के लिए कुछ तो करना ही था। ये बातें उस स्थिति से गुजरने के बाद ही पता चलती हैं। एक गरीब परिवार से होने के कारण मैं इस दर्द को समझता हूं। एकनाथ शिंदे ने कहा कि इसलिए मैंने महायुति के माध्यम से वो चीजें कीं। हमने महिलाओं और प्यारे भाइयों के लिए काम किया। हमने परिवार के हर सदस्य को कुछ न कुछ देने की कोशिश की। हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा। हमने ढाई साल तक काम किया। मुझे संतुष्टि है कि मैं कुछ दे सका। हमें मोदी और शाह का पूरा समर्थन मिला। जब हमने सरकार बदली और बगावत की तो अमित शाह चट्टान की तरह उनके साथ खड़े रहे। वह ढाई साल तक मेरे साथ थे।

### मोदी और शाह का मिला पूरा समर्थन

उन्होंने कहा कि जब राज्य और केंद्र सरकार एक मन की होती है तो राज्य की प्रगति की गति तेज हो जाती है। इसलिए ढाई साल में मैं संतुष्ट हूं, लेकिन हमने जो फैसले लिए हैं वो ऐतिहासिक हैं। अभी तक सरकार ने ऐसा कोई फैसला नहीं लिया था। हमने हर चीज के बारे में निर्णय लिया। कोई प्रश्न नहीं पूछा गया। हमने 124 सिंचाई परियोजनाओं को मंजूरी दी। इससे पहले चार परियोजनाओं को मंजूरी दी गई थी। राज्य की प्रगति की गति बहुत अच्छी थी। उन्होंने कहा, हमने प्रदेश को नंबर एक पर ले जाने का काम किया। उन्होंने कहा कि देवेन्द्र फडणवीस के समय में राज्य नंबर एक था। महाविकास अघाड़ी काल में यह तीसरे नंबर पर थी। हमने छह महीने में इसे नंबर वन बना दिया। इस चुनाव में वोटों की बारिश हमारे द्वारा किए गए काम, हमारे द्वारा लिए गए निर्णय और हमने जो सकारात्मकता दिखाई है, उसके कारण ही हो रही है। शिंदे ने दावा किया कि हम पर वोटों की बारिश हुई। मुझे एक प्यारी बहन के प्यारे भाई के रूप में पेश किया गया था। उन्होंने कहा, बाकी सब सौतेले भाई बन गए।

### विकास-कल्याणकारी योजनाओं को एक साथ लेकर चला

उन्होंने कहा कि महायुति ने बड़ी जीत हासिल की है। हमने महाविकास अघाड़ी द्वारा रोके गए कार्यों को आगे बढ़ाया है। हमने विकास और कल्याण योजनाओं को मिला दिया है। इससे हमें बड़ी जीत मिली। यह जनता की जीत है। एकनाथ शिंदे ने कहा कि वह दो या तीन घंटे सोते थे। मैंने 80 से 90 बैठकें कीं। मैंने बड़े पैमाने पर यात्रा की है। मैं एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में काम करता हूं। मैंने खुद को कभी मुख्यमंत्री नहीं माना।

# 22 मंजिला इमारत में लगी आग

**महिला दमकलकर्मी समेत दो घायल**

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में बुधवार को एक 22 मंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लग गई जिसमें एक महिला दमकलकर्मी समेत दो लोग घायल हो गए। आग लगने की यह घटना बुधवार को अपराह्न करीब 1.10 बजे डोंगरी इलाके में घटी। इलाके में स्थित अंसारी हाइट्स इमारत की 14वीं मंजिल पर एक फ्लैट में रसोई गैस का सिलेंडर फट गया जिससे फ्लैट में आग लग गई। देखते ही देखते ये आग इमारत की 19वीं मंजिल तक फैल गई। घटना की सूचना पाते ही दमकल कर्मी आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचे। बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के अधिकारियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि इमारत के ऊपरी तलों पर भी पहुंच गई जिससे यहां हर जगह धुआं भर गया। स्थिति को देखते हुए एहतियात के तौर पर ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों को छत पर ले जाया गया।

### घायलों की हालत चिंताजनक




एक अधिकारी ने बताया की आग बुझाने के दौरान मुंबई दमकल विभाग के मांडवी केंद्र से संबद्ध 35 वर्षीय दमकलकर्मी अंजलि अमोल जामदादे के दाहिने कंधे में चोट लग गई। इस अग्निकांड में 49 वर्षीय नासिर मुनी अंसारी नाम का एक व्यक्ति आग से 15 प्रतिशत तक झुलस गया। दोनों घायलों को भायखला में महाराष्ट्र सरकार द्वारा संचालित जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

### कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू

शुरुआत में बीएमसी ने कहा था कि इमारत में 15 मंजिल हैं और आग 14वीं मंजिल पर एक फ्लैट में लगी है। हालांकि बाद में पता चला कि इमारत 22 मंजिला है और आग इमारत के ऊपर के तलों पर भी फैल गई थी। इस दौरान ऊपरी मंजिलों पर फंसे लोगों को एहतियातन छत पर पहुंचाया गया क्योंकि सीढ़ियों के पास धुआं भरा हुआ था। घटनास्थल पर कम से कम 12 दमकल गाड़ियों और कई दमकल कर्मियों को भेजा गया। कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब पांच बजे तक दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

### अंधेरी पश्चिम में भी इमारत में लगी थी आग

बुधवार को दिन आग की यहां ये दूसरी घटना थी। इससे पहले आज सुबह के समय अंधेरी पश्चिम में एक सात-मंजिला आवासीय इमारत में आग लग गई थी। यहां चिंचन इमारत की छठी मंजिल पर एक फ्लैट में सुबह 8.42 बजे आग लग गई थी। दमकलकर्मियों ने सुबह करीब 9 बजे तक आग पर काबू पाया। बीएमसी के अधिकारियों ने बताया कि सुबह हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

# मुंबई में मृत मिली गोरखपुर की पहली महिला पायलट सृष्टि तुली

**पुलिस ने तुली के ब्वॉयफ्रेंड आदित्य पंडित को किया गिरफ्तार**

**परिवार का आरोप, नॉन वेज को लेकर आदित्य पंडित करता था परेशान**



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई में एयर इंडिया में कार्यरत युवा महिला पायलट की मौत की घटना सामने आई है। परिवार ने आरोप लगाया है कि युवा पायलट के प्रेमी ने उसके साथ गलत व्यवहार किया था और उस नॉन वेज खाने से रोका था। इसके बाद सृष्टि तुली (25) ने परेशान होकर जान दे दी। प्रांरभिक जांच में सामने आया है कि उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले की रहने वाली सृष्टि तुली सृष्टि तुली अपने प्रेमी के उत्पीड़न के कारण परेशान थी। आरोप है कि वह अक्सर सार्वजनिक रूप से उसके साथ दुर्व्यवहार करता था और उसे मांसाहारी भोजन खाने से भी रोकता था।

### सीएम योगी ने किया था सम्मानित

ट्रेनिंग के दौरान तुली दिल्ली के द्वारका में रहती थी। ट्रेनिंग के बाद उसे एयर इंडिया में नौकरी मिल गई और वह जून 2023 में मुंबई चली गई। तुली गोरखपुर की पहली महिला पायलट थीं और उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया था। सोशल मीडिया पर सृष्टि तुली से जुड़े लोगों ने दुख व्यक्त करते उसे ब्राइट स्टार के तौर याद किया है।

### दो साल पहले हुई थी मुलाकात

अभी तक की जांच में सामने आया है कि तुली रविवार को ड्यटी से लौटी थी। इसके बाद उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। पवई पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक जितेंद्र सोनवाने ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि आरोपी अदालत में पेश करके चार दिन दिन की रिमांड पर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। एफआईआर के अनुसार दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कमर्शियल पायलट लाइसेंस (सीपीएल) की ट्रेनिंग के दौरान दिल्ली में हुई थी।

### प्रेमी से झगड़े के कारण उठाया आत्मघाती कदम

मुंबई में पवई पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली के 27 साला आदित्य पंडित को उसकी प्रेमिका सृष्टि तुली के सोमवार को अंधेरी के मरोल में कथित रूप से आत्महत्या करने के बाद उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया। परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्हें संदेह कि इस हत्या के तुली को दोस्त आदित्य ने सार्वजनिक रूप से उसके साथ दुर्व्यवहार किया और उसे मांसाहारी भोजन खाने से रोका। परिवार ने मुंबई पुलिस से मामले की गहन जांच करने का आग्रह किया है।

# शिप के रिटायर कैप्टन से मुनाफा दिलाने के नाम पर ठगी

**11 करोड़ से ज्यादा का लगा चूना**

**मुंबई।** मुंबई के कुलाबा इलाके में ठगी का एक ऐसा मामला सामने आया जहां साइबर ठगों ने शेयर बाजार में भारी फायदा करवाकर देने के नाम पर झांसा देकर एक रिटायर शिप कैप्टन से 11 करोड़ रुपये से ज्यादा का चूना लगा दिया। सूत्रों ने बताया कि जैसे ही पीड़ित रिटायर कैप्टन को उनके साथ हुई करोड़ों की इस ठगी का एहसास हुआ वैसे ही उन्होंने मुम्बई पुलिस सायबर सेल से इस बात की शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो अज्ञात लोगों के खिलाफ IT एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### साल 1995 में हुए रिटायर

एक अधिकारी ने बताया को कुलाबा के रहने वाले शिकायतकर्ता का नाम जक्शीस कोसा वाडिया है, जिनकी उम्र 75 साल है। वे पेशे से शिप कप्तान थे और साल 1995 में रिटायर हुए। वाडिया ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि 19 अगस्त 2024 उन्हें एक अज्ञात शख्स ने मोतीलाल ओसवाल निवेश क्लब 17 नामक व्हाट्सअप ग्रुप में ऐड कर लिया उस ग्रुप में शेयर बाजार और उसमें निवेश करने से जुडी जानकारियां शेयर हो रहीं थी।

### वाडिया को एप पर दिख रहे थे प्रॉफिट

जब वाडिया को उस ग्रुप के लोगों पर विश्वास होने लगा तब उनमें से किसी ने उन्हें एक लिंक भेजा। वाडिया ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया, वैसे ही मोतीलाल ओसवाल ओटीसी खाता खुल गया। इसके बाद अनन्या स्मिथ नामक महिला ने वाडिया से संपर्क किया और उन्हें निवेश करने को लेकर जानकारी दी। महिला के कहने पर वाडिया ने 22 अलग-अलग बैंक खातों में कुल 11,16,61,161 रुपये निवेश के लिए ट्रांसफर कर दिए। निवेश किये गए पैसे और उससे हो रहे प्रॉफिट वाडिया को ठगों की तरफ से बनाये गए एप पर दिख रहे थे।

**मध्य रेल**

**ई टेंडर नोटिस**

मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय मध्य रेल लोको कारखाना परेल मुंबई - 400012. **अ.क्र.: 1. खुली निविदा संख्या :पीआर-C-ICF-SB-24-25-686, दिनांक: 25.11.2024. कार्य का विवरण**: आईसीएफ एनएसी कोचों की सीटों और बर्थ की स्ट्रिपिंग मरम्मत पुनः कुशनिंग और फिटमेंट। **अनुमानित लागत**: रु.18,58,806.53. **निविदा प्रपत्र का शुल्क**: --. **ईएमडी**: रु.37,200/-. **समापन अवधी**: तीन माह। **अ.क्र.:2. खुली निविदा संख्या :पीआर-C-ICF-FUR-24-25-687, दिनांक: 25.11.2024. कार्य का विवरण**: परेल वर्कशॉप में आईसीएफ एनएसी कोचों की फर्निशिंग। **अनुमानित लागत**: रु.48,83,596.84. **निविदा प्रपत्र का शुल्क**: --. **ईएमडी**: रु.97,700/-. **समापन अवधी**: तीन माह। **दोनों ई-निविदा की जमा करने की तिथी एवं अवधि दि. 16.12.2024 को 17:00 बजे तक है**। दोनों ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की आधिकारीक वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **DE-571**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

# खड़गे चुनेंगे महाराष्ट्र विधायक दल का नेता व मुख्य सचेतक

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायकों ने बुधवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को राज्य विधानसभा में विधायक दल के नेता और मुख्य सचेतक के चयन के लिए अधिकृत किया। जिससे साफ हो गया कि अब यहां का फैसला कांग्रेस विधायक के विधायक नहीं, पार्टी के आलाकमान की सलाह पर मल्लिकार्जुन खड़गे ही करेंगे। केवल विधायकों को विधायक दल के नेता व मुख्य सचेतक की सूचना दे दी जाएगी। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम जन भावनाओं के अनुरूप नहीं आए हैं, ऐसे में पार्टी की प्रदेश इकाई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के बजाय मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग के लिए हस्ताक्षर



अभियान शुरू करेगी। कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की यहां हुई बैठक में ये निर्णय लिए गए। गत 20 नवंबर को हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 101 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस केवल 16 सीटें ही जीत सकी, जो राज्य में उसका अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन था।

**मध्य रेल**

**मुंबई डिवीजन में रसायनी, आगासान और निडि हाल्ट स्टेशन पर हाल्ट कांट्रेक्टर की नियुक्ति**

**निविदा संख्या:**
**BB. C. 288.G.O.HaltStn**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर, पहली मंजिल आरक्षण कार्यालय के ऊपर पीआरएस बिल्डिंग छ.शि.म.ट., मुंबई, मध्य रेलवे, हाल्ट कांट्रेक्टर की नियुक्ति के लिए मुंबई मंडल के रसायनी, आगासान और निडि हाल्ट स्टेशन के लिए, निर्धारित प्रपत्र में इच्छुक आवेदकों से सीलबंद आवेदन आमंत्रित करता है। **ठेका अवधि**: 5 साल। **आवेदन प्रपत्र खरीदने की मूल्य राशी**: रु.500/-. **आवेदन प्रपत्र खरीदने/डाउनलोड की अंतिम तिथि और समय**: 23.12.2024 के शाम 5:00 बजे तक। **आवेदन प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि और समय**: 24.12.2024 के दोपहर के 12:00 से 3:00 बजे तक। **आवेदन खुलने की तिथि और समय**: 24.12.2024 के दोपहर के 3:30 बजे। उपरोक्त कार्यालय से निविदा आवेदन पत्र खरीदे जा सकते हैं। आवेदन का पूरा विवरण **www.cr.indianrailways.gov.in** वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। वेबसाइट से आवेदन डॉक्यूमेंट भी डाउनलोड किया जा सकता है।

**DE-572**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**निविदा सूचना**

**कासा ट्रीटॉप्स को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड**

कासा ट्रीटॉप्स को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, अपनी सोसाइटी संचालन की कार्यक्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के उद्देश्य से, सभी सोसाइटी फेसिलिटी प्रबंधन एजेंसीयो को निम्नलिखित सेवाओं के लिए निविदा आमंत्रित कर रहे हैं: **फेसिलिटी प्रबंधनः** फेसिलिटी मैनेजर- 01, फेसिलिटी एक्जीक्यूटिव - 01, **हाउसकीपिंग प्रबंधनः** सुपरवाइज़र- 01, जनिटरः 10, मैकेनिकल, **इलेक्ट्रिकल और प्लंबिंग (MEP) तकनीकी प्रबंधनः** MST (मल्टी स्किल टेक्निशन) - 03, इलेक्ट्रिशियन - 01 प्लंबर- 02, रिलीवर/हेल्पर- 01, **कीट नियंत्रण प्रबंधनः** सप्ताह में एक बार फॉगिंग, चूहों, सांपों और कीड़ों का नियंत्रण प्रत्येक पंद्रह दिनों में।

**निविदा के लिए दिशा-निर्देशः** प्रस्तावों को सोसाइटी कार्यालय, डी विंग, कासा ट्रीटॉप्स, लोढ़ा अप्पर ठाणे, ठाणे डोम्बिवली लिंक रोड, - ऑफ मुंबई - नाशिक एक्सप्रेस वे, अंजुर, मुंबई, महाराष्ट्रः 421302, पते पर बंद लिफाफे में जमा करना है।

**प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अवधिः** 15 नवम्बर 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक। इच्छुक सोसाइटी फेसिलिटी प्रबंधन एजेंसीयो से निवेदन है कि वे 30 नवम्बर 2024 तक अपनी प्रस्ताव और वित्तीय बोलियां सील बंद लिफाफे में प्रस्तुत करें। अधिक जानकारी के प्राप्त करने हेतु, निचे दिए गए ई-मेल या मोबाइल नं. पर संपर्क करे।

Email:casatreetops.ut@gmail.com, MOB-9867074589

कासा ट्रीटॉप्स को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड

# आठवले ने फिर किया फडणवीस का समर्थन



**मुंबई।** एनडीए के सहयोगी केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने महाराष्ट्र के सीएम पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का समर्थन करते हुए कहा कि भाजपा नेता को फिर से मुख्यमंत्री बनने का मौका दिया जाना चाहिए। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के नेता ने कहा कि वह इस मामले पर भाजपा आलाकमान के फैसले को स्वीकार करेंगे। अठावले ने संवाददाताओं से कहा कि आरपीआई (ए), जो बीजेपी की सहयोगी है। उसका मानना है कि देवेंद्र फडणवीस को फिर से मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलना चाहिए।

# भाजपा ने एकनाथ शिंदे पर बनाया दबाव: नाना पटोले

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद को लेकर सस्पेंस अभी भी बरकरार है। हालांकि बुधवार को कार्यवाहक मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा शीर्ष नेतृत्व के फैसला मंजूर होने की बता कही। एकनाथ शिंदे के इस बयान के बाद कांग्रेस नेता नाना पटोले ने भाजपा पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर एकनाथ शिंदे ऊपर दबाव डालने का आरोप लगाया। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने एकनाथ शिंदे पर मुख्यमंत्री पद पर दावा छोड़ने के लिए दबाव डाला। कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा कि महायुति गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलने के बावजूद नई सरकार बनाने में इतना समय लिया जा रहा है जिससे संदेह उत्पन्न होता है।



### भाजपा ने शिंदे पर डाला दबाव

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने शिंदे पर मुख्यमंत्री पद पर दावा छोड़ने का दबाव बनाया। बहुमत मिलने के बावजूद नई सरकार गठन में महाराष्ट्र को इंतजार कराना निंदनीय है। नाना पटोले ने भाजपा नेता देवेन्द्र फडणवीस की ओर इशारा करते हुए कहा कि देखना होगा कि अगला मुख्यमंत्री कहीं वही तो नहीं जिसके नाम की चर्चा है। पटोले ने कहा अचानक नया चेहरा लाना भाजपा की परंपरा रहा है।

### शिंदे अप्रत्याशित जनादेश के कारण भ्रमित

वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट ने कहा कि एकनाथ शिंदे अप्रत्याशित जनादेश के कारण भ्रमित और हतप्रभ हैं। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति ने सत्ता बरकरार रखी और 288 विधानसभा सीट में से 230 सीट जीत लीं। भाजपा को 132 सीट, शिवसेना को 57 और एनसीपी को 41 सीटों पर जीत मिली है।

### एकनाथ शिंदे सीएम की रेस से हुए बाहर

बता दें कि महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार के दौरान किए गए कामों को गिनाया। साथ ही सीएम के चेहरे को लेकर पीएम मोदी के निर्णय का समर्थन करने की बात करते हुए अप्रत्यक्ष रूप से मुख्यमंत्री पद पर चल रस्साकशी से पीछे हटने के संकेत दिए।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

न. डीवाई. सीएच.ई.एम एंड ई/3421/ई.एस. दि.27/11/2024

**ई-निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | मुख्य अभियंता (मैक एंड इलेक्ट्रिक) |
| उप विभाग | उप.मुख्य अभियंता(मैक एंड इलेक्ट्रिक) |
| ई-निविदा न. | 2024_एमसीजीएम_1118137_1 |
| विषय | सुषमा स्वराज मैटरनिटी होम भांडुप, एस वार्ड में बिजली की मरम्मत |
| निविदा बिक्री | निविदा प्रारंभ तिथि 28/11/2024 समय 11.00 बजे<br>निविदा समाप्ति तिथि 04/12/2024 समय 16.00 बजे |
| वेबसाइट | www.mahatenders.gov.in |
| संपर्क अधिकारी | |
| अ) नाम | श्रीमती.स्मिता तोड़नकर |
| ब) ऑफिस टेलीफोन | - |
| सी) मोबाइल क्रमांक | 8291715782 |
| डी) ई-मेल एड्रेस | aees03.me@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
(श्रीमती. आर.एस. कदम)
कार्य. अभि.(एम एंड ई) ई. एस.

पीआरओ/1850/विज्ञा./2024-25

समय पर निदान, बचाएं प्राण

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# जलवायु संकट की अनदेखी

आज ग्लोबल वार्मिंग संकट दुनिया के तमाम देशों के दरवाजे पर दस्तक देकर रौद्र रूप दिखा रहा है। ऐसे में बाकू में संपन्न कॉप-29 सम्मेलन में दुनिया की आबोहवा बचाने की दिशा में ठोस निर्णय न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। दरअसल, विकसित देश विगत में की गई अपनी घोषणाओं से पीछे हट रहे हैं। वे गरीब मुल्कों को ग्लोबल वार्मिंग संकट से निपटने के लिये आर्थिक मदद देने को तैयार नहीं हैं। ऐसा भी नहीं है कि दुनिया पर जलवायु संकट के गंभीर परिणामों से विकसित देश वाकिफ नहीं हैं। अमेरिका से लेकर स्पेन तक मौसम के चरम का त्रास झेल रहे हैं। लेकिन इसके घातक प्रभावों को देखते हुए भी सभी देश समाधान निकालने को लेकर सहमति क्यों नहीं बना पा रहे हैं। कहना गलत न होगा कि विकसित देशों द्वारा अक्सर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन हाथी के दिखाने के दांत साबित हो रहे हैं। दशकों से चले आ रहे सम्मेलनों के बावजूद जलवायु संकट दूर करने के लिये सभी देशों की हिस्सेदारी व जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही है। यही वजह है कि कॉप-29 में विकासशील देशों की चिंता व नाराजगी को भारत ने आवाज दी है। भारत ने सम्मेलन में ग्लोबल साउथ देशों का नेतृत्व करके धनी देशों को आईना दिखाया। यह हकीकत है कि धनी देशों के रवैये के चलते विकासशील देश खुद को छला महसूस कर रहे हैं। अपने विकास की कीमत पर ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कम करने पर सहमत हुए गरीब मुल्क इसके मुकाबले के लिये धनी देशों की मदद की तरफ देख रहे हैं। यह विडंबना है कि अजरबैजान में कॉप-29 सम्मेलन का समापन तल्ख बयानों व असहमति के बीच हुआ। आखिर धनी व गरीब मुल्कों के बीच सम्मेलन के बाद भी अविश्वास का वातावरण क्यों बना हुआ है। निश्चित रूप से यह स्थिति भविष्य में ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिये साझा प्रयासों की संभावना को ही खत्म करेगी। विगत में विकसित देशों ने वायदा किया था कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने के प्रयास में होने वाले खर्च की पूर्ति के लिये 1.3 ट्रिलियन डॉलर सालाना मदद दी जाएगी। लेकिन अब ये देश मामूली रकम देने को ही तैयार हैं। इससे पर्यावरणीय क्षति को रोकने के प्रयासों हेतु आर्थिक संसाधन जुटा पाना संभव न होगा। वहीं दूसरी ओर इस दिशा में निर्धारित लक्ष्य अपर्याप्त ही हैं। इस गंभीर मुद्दे पर व्यापक विचार-विमर्श की जरूरत है। दूसरी विकसित देश सीमित मदद को सीधे देने के बजाय ऋण के रूप में देने की बात कर रहे हैं। जाहिर है कर्ज के साथ शर्तें भी कठोर हो सकती हैं। दरअसल, अपनी पिछली पारी में पर्यावरण संकट पर बेरुखी दिखाने वाले नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर भी दुनिया के मुल्क असमंजस में हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि दुनिया की महाशक्ति अमेरिका क्लाइमेट चेंज प्रभाव को रोकने के लिये धन उपलब्ध कराने में ना-नुकर कर सकता है। भले ही संकट से निपटने के लिये पर्याप्त धन न जुटाया जा सके,लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इस मुद्दे में दुनिया के देशों में सहमति बन सके। निस्संदेह, मतभेद मनभेद में न बदलें और दुनिया के तमाम देश जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से मुकाबले के लिये एकजुट होने का संकल्प लें। यही वजह है कि भारत ने टूक शब्दों में कहा कि जलवायु संकट से निपटने की जिम्मेदारी सिर्फ विकासशील देशों की ही नहीं है। निस्संदेह, धनी मुल्कों को जवाबदेही से भागने से बचना चाहिए। हालांकि, बाकू में जलवायु संकट पर गंभीर मंथन तो हुआ पर समस्या की गहराई को समझने की ईमानदार कोशिश नहीं की गई। यदि जलवायु वित्त पैकेज पर सहमति बनती तो इससे जुड़े मुख्य मुद्दों के समाधान की राह खुलती। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हो पाया। यह निर्विवाद सत्य है कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लिये विकासशील देशों को अपने विकास को धीमा करना पड़ेगा। लेकिन औद्योगिक क्रांति के जरिये प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन करने वाले विकसित देश अपने आर्थिक लक्ष्य हासिल करने के बाद विकासशील देशों को ऐसा करने से रोक रहे हैं।

# अब सत्ता की चाबी लाड़ली बहनों के हाथ




टीवी चैनल पर महाराष्ट्र की एक महिला ने कहा कि सरकार की योजना से उसे जो पैसे मिले, उससे वह पहली बार साड़ी खरीद सकी। यह कितने अफसोस की बात है कि जब शादियों में दिखावे के रूप में पांच हजार करोड़ तक खर्च किए जा रहे हों, तब उसी प्रदेश में एक स्त्री इस बात के लिए धन्यवाद दे कि वह जीवन में पहली बार साड़ी खरीद सकी। जब पिछले दिनों मध्य प्रदेश के चुनाव में वहां के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारी बहुमत प्राप्त किया था, तो उन्होंने कहा था कि लाड़ली बहनों ने उन्हें जीत दिलाई है। सारा श्रेय उन्हीं को दिया जाना चाहिए। कल किसी ने जब कहा कि भारतीय जनता पार्टी रेवड़ियों का विरोध करती है और उसने महिलाओं को खूब रेवड़ियां बांटी तो एक अन्य दल की महिला नेत्री ने कहा कि इसे रेवड़ी नहीं, वुमेन एम्पावरमेंट कहते हैं। और महाराष्ट्र कोई गरीब राज्य नहीं कि सरकार जरूरतमंद स्त्रियों की मदद नहीं कर सकती। स्त्री सशक्तीकरण में स्त्रियों के हाथ में पैसे हों, उनकी क्रय शक्ति बढ़े, वे अपनी जरूरतें पूरी कर सकें, इसकी बड़ी भूमिका मानी जाती है। इसके अलावा स्त्री विमर्श कहता है कि स्त्रियों के नाम अक्सर चल-अचल सम्पत्ति नहीं होती। इसलिए वे हमेशा अपने परिवार के पुरुषों के भरोसे रहती हैं। लेकिन पिछले कुछ सालों में केंद्र सरकार ने स्त्रियों के नाम से ही पक्के घर दिए हैं। उन्हीं के नाम अगर जमीन की रजिस्ट्री हो तो स्टाम्प ड्यूटी में दो प्रतिशत की छूट मिलती है। इससे पहली बार भारत में स्त्रियों के अपने घर हो सके हैं। अक्सर स्त्रियों को हिंसा झेलते हुए, सबसे पहले घर से निकाला जाता है। अब जब घर उनके ही नाम पर है, जमीन उनकी है, तो किसकी हिम्मत है कि उन्हें घर से निकाल सके। महाराष्ट्र में इस बार पंद्रह चुनाव क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों से भी अधिक वोट दिए। 65.22 प्रतिशत महिलाओं ने वोट दिया। कुछ स्थानों पर रजिस्टर्ड महिला मतदाताओं की संख्या भी पुरुषों से ज्यादा थी। कुल 30.64 मिलियन वोटर्स में कुल महिला वोटर्स की संख्या 46.99 है। महिला मतदाताओं के बड़ी संख्या में बाहर आने के बारे में बताया जा रहा है कि इसका बड़ा कारण लाड़की (लड़की) बहणी योजना को है। जिसमें महिलाओं को पंद्रह सौ रुपये प्रतिमाह दिए गए और सरकार बनने पर इक्कीस सौ रुपये देने का वादा किया गया। चुनाव में जीत के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने भी लाड़ली बहनों का धन्यवाद किया। महाराष्ट्र में स्त्रियों की शिक्षा के लिए आर्थिक मदद का भी प्रावधान किया गया था। इसी तरह झारखंड में भी हेमंत सोरेन सरकार की वापसी का श्रेय, उनकी स्त्री सम्बंधी योजनाओं को दिया जा रहा है। जिसमें प्रमुख थीं—स्कूल जाने वाली लड़कियों को साइकिल मुफ्त देना, एकल मां को आर्थिक सहायता प्रदान करना, बेरोजगार स्त्रियों को मासिक भत्ता, मइया योजना के अंतर्गत गरीब स्त्रियों को साल में बारह हजार रुपये की मदद। इससे गरीब परिवारों और स्त्रियों के जीवन में कुछ खुशहाली आई। आदिवासी इलाकों में इसे विशेष रूप से महसूस किया गया। चूंकि स्त्रियों के खाते में पैसे सीधे भेजे जाते हैं, इसलिए उसका लाभ भी सीधे उन्हें ही मिलता है। इससे उनका परिवार भी लाभान्वित होता है। ऐसी योजनाएं अकेली बेसहारा माताओं, विधवाओं, स्कूल जाती लड़कियों को विशेष लाभ पहुंचाती हैं। याद होगा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने यहां की स्कूल जाने वाली लड़कियों को साइकिलें दी थीं। सिर्फ एक साइकिल की सहायता से स्कूल जाने वाली लड़कियों में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। चूंकि वे समूह में स्कूल जाती थीं, इसलिए उनकी सुरक्षा को लेकर भी माता-पिता की चिंता में कमी आई थी और स्कूल जाने वाली लड़कियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई थी। उनका ड्रॉप आउट रेट भी कम हुआ था। और परिणामस्वरूप इन लड़कियों के माता-पिता ने अगली बार नीतीश कुमार को बहुमत से विजयी बनाया था। झारखंड में हेमंत सोरेन ने नीतीश कुमार से सीखा और महाराष्ट्र में शिवराज सिंह चौहान से सीखा गया। हेमंत की जीत में उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की भी बड़ी भूमिका है। हेमंत सोरेन को जब जेल भेजा गया, तो उनकी पत्नी कल्पना ने मोर्चा संभाला। उन्हें स्त्रियों की खूब सहानुभूति भी मिली। इसके अलावा केंद्र सरकार ने भी स्त्रियों के लिए कई योजनाएं चला रखी हैं। जैसे कि नमो ड्रोन दीदी स्कीम- इसमें ग्रामीण महिलाओं को कृषि कार्यों के लिए ड्रोन पायलट्स की ट्रेनिंग दी जाती है। जिससे कि वे आधुनिक तकनीकों से खेती कर सकें। इसके लिए उन्हें आर्थिक मदद भी दी जाती है। उड़ीसा में चलाई जा रही सुभद्रा योजना। जिसके अंतर्गत पांच सालों में गरीब महिलाओं को पचास हजार रुपये रक्षाबंधन और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिए जाते हैं। महिला सम्मान पेंशन योजना- जिसमें विधवाओं और बूढ़ी महिलाओं को मदद दी जाती है। जिससे कि वे सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकें। अल्पसंख्यक महिलाओं को बिना किसी ब्याज के पचास हजार रुपये की मदद दी जाती है। इसमें से बस पच्चीस हजार रुपये उन्हें वापस देने पड़ते हैं। इसका लाभ तलाकशुदा और अठारह साल से पचपन साल की अविवाहित महिलाएं उठा सकती हैं। इसी प्रकार दिल्ली, बिहार, राजस्थान, कर्नाटक में भी महिलाओं को लाभ पहुंचाने वाली बहुत-सी योजनाएं हैं। देखने की बात यह है कि औरतों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाएं, नेताओं को विधानसभाओं और लोकसभा में पहुंचा रही हैं। यह स्त्रियों की ताकत है, जिसे वे वोट के जरिए दिखा रही हैं। वे जानती हैं कि उनके जीवन के लिए ऐसी योजनाएं कितनी जरूरी हैं। लोकतंत्र में महिलाएं गेम चेंजर की भूमिका निभा रही हैं।

## जीवन मंत्र

रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य

# राक्षस सा परिवार न बढ़ाएं

जब हमारा ईश्वर जैसा जीवन हो गया, तो परिवार, पड़ोस, संपूर्ण संसार का मानवीय जीवन, संसार का सर्वश्रेष्ठ हमें प्राप्त होगा। विभीषण को प्राप्त हो गया था।



हमें चाहिए कि हम अपने जीवन को उन तत्वों से जोड़ें, जो हमारे जीवन को ऊपर ले जाएं, इसे आनंददायक बनाएं। केवल मकान बनाने से काम नहीं चलेगा। केवल दुकान से काम नहीं चलेगा। केवल जैसे-तैसे परिवार से काम नहीं चलेगा। जैसे रावण ने परिवार बढ़ा लिया, राक्षस लोग जैसे परिवार बढ़ाते हैं, ठीक उसी तरह से शास्त्र की मर्यादा से दूर हटकर लोग परिवार बढ़ाते हैं, यह नहीं चलेगा। इतनी पत्नियों को एकत्र करके भी रावण संतुष्ट न हो पाया और खोजता रहता था, लड़की मिल जाती, तो घर बस जाता, खुशहाली बढ़ जाती। मालूम है कि लड़की अवैध रूप से, ताकत से लाई गई है, अपहरण करके लाई गई है, यातनाएं झेलकर आई है, फिर भी वह लाता गया। इस क्रम ने उसे बड़ा राक्षस बना दिया। रामजी से भी कितने लोग प्रभावित हैं, कितने लोग उन्हें अपना मानते हैं, किंतु रामजी ऐसा नहीं करते। उन्हें पता है कि पत्नी माने एकमात्र सीता, संसार की दूसरी त्रियां हमारी मां हैं। यदि हम सभी त्रियों को पत्नी बनाने लगेंगे, तो महारावण हो जाएंगे।

हमारे प्रारब्ध से जो बनी है, वह मिलेगी। यदि हमारे प्रारब्ध अच्छे नहीं हैं, पाप ज्यादा है, तो दुख भी मिलेगा। मकान सुख भी देता है और दुख भी देता है। परिवार के लोग सुख भी देते हैंऔर दुख भी देते हैं। भगवान की दया से जो पदार्थ हमें मिले, वह सही रीति से मिले और उसका उद्देश्य सही हो। हमें पत्नी मिली है, हम दोनों मिलकर धर्म का संपादन करेंगे। केवल संतान और भोजन नहीं, इससे नहीं चलेगा। जैसे सभी नदियों का एक ही परम गंतव्य है, ठीक उसी तरह से सभी मनुष्यों का एक ही परम गंतव्य है, परम उद्देश्य है कि हम ईश्वर जैसा जीवन प्राप्त करें।

जब हमारा ईश्वर जैसा जीवन हो गया, तो परिवार, पड़ोस, संपूर्ण संसार का मानवीय जीवन, संसार का सर्वश्रेष्ठ हमें प्राप्त होगा। विभीषण को प्राप्त हो गया था। वह भी अपने राक्षस भाइयों की उसी पंक्ति में था, किंतु उसने भगवान की भक्ति मांगी, जीवन केवल भोग के लिए न हो। मेरा जीवन बाहर भी और भीतर भी ईश्वर की सेवा के लिए हो। राष्ट्र की सेवा करूं, मानवता की सेवा करूं, लांछित कर्म न करूं।

ऐसा ही हुआ, विभीषण लंका में रहकर भी पूर्ण रूप से मनुष्य जीवन को जी रहे हैं। वह उन कार्यों में संलिप्त नहीं हैं, जिनमें रावण और कुंभकर्ण आदि लगे हैं। उनका लक्ष्य है कि हमें रामजी की सेवा करनी है और रामजी के माध्यम से संपूर्ण मानवता की सेवा करनी है, इसीलिए बिना किसी बंधन के, बिना किसी माध्यम के वह भगवान की सेवा में आ जाते हैं। उनके अंदर है कि मैं भगवान का हूं।

## जीवन ऊर्जा

फ्रेडरिक एंगेल्सः जन्म 28 नवंबर 1820 — जन्म

# ज्ञान और साहस से बड़ी कोई शक्ति नहीं

फ्रेडरिक एंगेल्स एक जर्मन दार्शनिक, समाजशास्त्री, और क्रांतिकारी विचारक थे। उनका जन्म 28 नवंबर 1820 को हुआ। उन्होंने कार्ल मार्क्स के साथ मिलकर समाजवाद और साम्यवाद की नींव रखी। ःकम्युनिस्ट मेनिफेस्टोः उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में से एक है। उनका निधन 5 अगस्त 1895 को हुआ।



सही उद्देश्य के लिए एकजुट प्रयास हमेशा जीत की ओर ले जाता है। मेहनतकश लोगों की शक्ति दुनिया बदलने की ताकत रखती है। ज्ञान और क्रांति का संगम ही समाज को नई दिशा देता है। साहस और सामूहिकता हर कठिनाई को आसान बना देती है। हर संघर्ष के पीछे नई सुबह छिपी होती है। इतिहास को बदलने के लिए मेहनत और दृढ़ निश्चय जरूरी है। विचारों की ताकत सबसे बड़ी क्रांति लाती है। समाज की प्रगति मेहनतकश वर्ग के हाथों में है। परिवर्तन के लिए पहला कदम जागरूकता है। सच्चाई का साथ कभी पराजित नहीं होता। मेहनत का पसीना ही हर सफलता की नींव रखता है। जो लोग न्याय के लिए खड़े होते हैं, वही इतिहास रचते हैं। समाजवाद का रास्ता समानता और भाईचारे से होकर गुजरता है। गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ाई सबसे पवित्र युद्ध है। हर महान क्रांति विचारों की शक्ति से शुरू होती है। जो अपना हक मांगता है, वही सच्चा योद्धा है। ज्ञान और साहस से बड़ी कोई शक्ति नहीं। भविष्य उन्हीं का होता है जो उसे बनाने का सपना देखते हैं। संघर्ष के बिना कोई बड़ा बदलाव संभव नहीं। समानता का सपना साकार करने के लिए त्याग जरूरी है। मेहनत और ईमानदारी हर मुश्किल को परास्त कर सकती है। समाज की सच्ची संपत्ति उसके लोग हैं। परिवर्तन का बीज छोटी-छोटी कोशिशों में छिपा होता है। सही नेतृत्व समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। अगर हम एकजुट हैं, तो दुनिया की कोई ताकत हमें हरा नहीं सकती।


## सक्सेस मंत्र

# कुछ करने में भलाई

किसी छोटे बच्चे से पूछो कि वह क्या बनना चाहता है, तो कोई टीचर बनना चाहता है, कोई डॉक्टर, तो अपने मां या पापा की तरह बनना चाहता है। कुछ दिनों के बाद उनके उद्देश्य और जवाब बदल जाते हैं। मगर बड़े होने के बाद भी अगर इसी तरह लक्ष्य बदलना अच्छी बात नहीं। कई बार लोग सफलता न मिलने से निराश होकर अपना रास्ता बदल देते हैं, तो कुछ अच्छे वक्त आने का बहाना करते रहते हैं। लेकिन अच्छा तो यही होगा कि आज ही आप आगे बढ़ने का कदम बढ़ाएं। एक बार की बात है, एक निःसंतान राजा था, वह बूढ़ा हो चुका था और उसे राज्य के लिए एक योग्य उत्तराधिकारी की चिंता सताने लगी थी। योग्य उत्तराधिकारी के खोज के लिए राजा ने पुरे राज्य में ढिंढोरा पिटवाया कि अमुक दिन शाम को जो मुझसे मिलने आएगा, उसे मैं अपने राज्य का एक हिस्सा दूंगा। राजा के इस निर्णय से राज्य के प्रधानमंत्री ने रोष जताते हुए राजा से कहा, महाराज, आपसे मिलने तो बहुत से लोग आएंगे और यदि सभी को उनका भाग देंगे तो राज्य के टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। ऐसा अव्यावहारिक काम न करें। राजा ने प्रधानमंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा, प्रधानमंत्री जी, आप चिंता न करें, देखते रहें, क्या होता है। निश्चित दिन जब सबको मिलना था, राजमहल के बगीचे में राजा ने एक विशाल मेले का आयोजन किया। मेले में नाच-गाने और शराब की महफिल जमी थी, खाने के लिए अनेक स्वादिष्ट पदार्थ थे। मेले में कई खेल भी हो रहे थे। राजा से मिलने आने वाले कितने ही लोग नाच-गाने में अटक गए, कितने ही सुरा-सुंदरी में, कितने ही आश्चर्यजनक खेलों में मशगूल हो गए तथा कितने ही खाने-पीने, घूमने-फिरने के आनंद में डूब गए। इस तरह समय बीतने लगा। इन सभी के बीच एक व्यक्ति ऐसा भी था जिसने किसी चीज की तरफ देखा भी नहीं। उसके मन में निश्चित ध्येय था कि उसे राजा से मिलना ही है। इसलिए वह बगीचा पार करके राजमहल के दरवाजे पर पहुंच गया। पर वहां खुली तलवार लेकर दो चौकीदार खड़े थे। उन्होंने उसे रोका। उन्हें अनदेखा करके और चौकीदारों को धक्का मारकर वह दौड़कर राजमहल में चला गया, क्योंकि वह निश्चित समय पर राजा से मिलना चाहता था। जैसे ही वह अंदर पहुंचा, राजा उसे सामने ही मिल गए और उन्होंने कहा, मेरे राज्य में कोई व्यक्ति तो ऐसा मिला जो किसी प्रलोभन में फंसे बिना अपने ध्येय तक पहुंच सका। तुम्हें मैं आधा नहीं पूरा राजपाट दूंगा। तुम मेरे उत्तराधिकारी बनोगे।

## शख्सियत — डॉ. मोहसिन वली

# स्वास्थ्य सेवाओं के समर्पित योद्धा



डॉ. मोहसिन वली एक प्रख्यात भारतीय चिकित्सक और हृदय रोग विशेषज्ञ हैं, जिन्हें चिकित्सा जगत में उनके अतुलनीय योगदान के लिए जाना जाता है। उनका जन्म 28 नवंबर 1953 को हुआ। उन्होंने चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण के माध्यम से लाखों लोगों की जिंदगियों को छुआ है।

अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद, डॉ. वली ने चिकित्सा विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और कार्डियोलॉजी में विशेषज्ञता हासिल की। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों और सम्मानों से नवाजा गया है। उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्म श्री सम्मान प्रदान किया गया, जो नागरिकों को दिए जाने वाले उच्चतम सम्मानों में से एक है। यह पुरस्कार उन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण के लिए दिया गया। डॉ. मोहसिन वली ने न केवल चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं, बल्कि स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता फैलाने और चिकित्सा शिक्षा को प्रोत्साहित करने में भी अहम भूमिका निभाई। वह कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से जुड़े हुए हैं और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने अपने व्याख्यानों और लेखों के माध्यम से चिकित्सा क्षेत्र को समृद्ध किया है। उनका मानना है कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सस्ती और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कई गरीब और जरूरतमंद मरीजों का मुफ्त इलाज किया और चिकित्सा के क्षेत्र में नैतिकता और मानवता के मूल्यों को बढ़ावा दिया। अपने काम के प्रति उनकी निष्ठा, समाज सेवा के प्रति समर्पण और चिकित्सा क्षेत्र में उनकी अद्वितीय उपलब्धियों ने उन्हें लाखों लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत बना दिया है। डॉ. मोहसिन वली आज भी चिकित्सा और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं और अपने कार्यों के माध्यम से लोगों की जिंदगियों को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# महादेव की पूजा

हम सब ने अक्सर ये देखा है कि महादेव की पूजा के बाद अक्सर हम सब अपनी इच्छामनोकामना उनके वाहन नंदी के कान में कहते हैं और घर चले आते हैं
क्योंकिहमारी मान्यता है कि नंदी के कान में कही हमारी मनोकामना अवश्य पूर्ण होगी
लेकिन क्या आप जानते हैं कि आखिर इसका कारण क्या है
असल में इसके तार एक पौराणिक कथा से जुड़ते हैं
असल में महादेव के वाहन नंदी ऋषि शिलाद के पुत्र थे
कहा जाता है कि ऋषि शिलाद निःसंतान थे जिन्होंने संतान हेतु वर्षोंवर्ष तक महादेव की तपस्या की
उसकी तपस्या से प्रसन्न होकर जब महादेव प्रकट हुए और उन्हें वरदान मांगने को कहा तो उन्होंने एक पुत्र की कामना की
कैसा पुत्र चाहिए के जबाब में उन्होंने बताया कि वे तो कृषक हैं जिस कारण उन्हें बैल बेहद पसंद हैं इसीलिए उन्हें वैसा ही पुत्र चाहिए
साथ ही वो अपने पिता की ही तरह शिवभक्त भी होना चाहिए



महादेव ने उन्हें इच्छानुसार वरदान दे दिया और इस तरह नंदी जी का जन्म हुआ
परंतुजन्म से ही नंदी महादेव के परम भक्त थे और धीरे-धीरे उनकी भक्ति इतनी बढ़ी कि नंदी महादेव की सेवा करने कैलाश पर्वत चले गए
जहाँ महादेव ने उन्हें अपना परमभक्त मानते हुए अपने वाहन के रूप में स्वीकार कर लिया
परंतु कुछ समय बाद ऋषि शिलाद को अपने पुत्र नंदी की बहुत याद आने लगी और वे महादेव से अपने पुत्र को मांगने कैलाश पर्वत जा पहुंचे
कैलाश में महादेव ने ऋषि शिलाद की व्यथा को देखते हुए नंदी को अपने पिता के साथ जाने का आदेश दे दिया और बेमन से नंदी जी को अपने पिता के साथ जाना पड़ा
लेकिन अपने पिता के साथ जाने के उपरांत भी नंदी जी की भक्ति कम नहीं हुई बल्कि वे हमेशा महादेव की याद में खोए रहने लगे जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी
उनकी ऐसी स्थिति देखकर उनके पिता ऋषि शिलाद ने पुनः महादेव का आह्वाहन किया और उन्हें स्थिति बताते हुए अपने पुत्र नंदी को एक बार फिर से महादेव की सेवा में सुपुर्द कर दिया

परंतु नंदी के मन में एक पश्चाताप सा था कि उनसे इतने दिनों तक महादेव का साथ कैसे छूट गया

उनके मन की भावना को समझते हुए महादेव ने उन्हें दिलासा देते हुए बताया किउनके प्रेमभाव में जरा किंचित मात्र भी अंतर नहीं आया है
और वे वरदान देते हैं कि उनसे की जाने वाली हर मनोकामना नंदी के माध्यम से होकर ही जा पाएगी
अर्थात कोई महादेव से सीधे मनोकामना करें या फिर नंदी से करें
इसमें कोई भेद नहीं होगा
उसी समय से अपनी मनोकामना नंदी के कान में कहने की शुरुआत हुई
ऊंहर हर महादेव
जय श्रीमहाकाल

**नोट**

वैसे एक अन्य मान्यता के अनुसार चूँकि महादेव हमेशा तपस्या में लीन रहते हैं
इसीलिए हम सामान्य जन अपनी मनोकामना उनके वाहन सह द्वारपाल नंदी को बता देते हैं ताकि जब महादेव तपस्या से जगें तो नंदी महादेव तक हमारी व्यथा पहुँचा सकें



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : **indiagroundreport@gmail.com** **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# SBI में असिस्टेंट मैनेजर के पदों पर भर्ती

## 12 दिसंबर तक करें आवेदन

भारतीय स्टेट बैंक ने स्पेशलिस्ट कैडर ऑफिसर पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एसबीआई की आधिकारिक वेबसाइट **sbi.co.in** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के तहत भारतीय स्टेट बैंक में 169 असिस्टेंट मैनेजर के पदों को भरा जाएगा। इस समय भर्ती प्रक्रिया चल रही है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 दिसंबर, 2024 है।




### आवेदन शुल्क

सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क 750 रुपये है और एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए कोई शुल्क देय नहीं है। भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग आदि का उपयोग करके किया जा सकता है। अधिक संबंधित जानकारी के लिए उम्मीदवार एसबीआई की आधिकारिक वेबसाइट देख सकते हैं।

### परीक्षा कब होगी

ऑनलाइन लिखित परीक्षा का आयोजन जनवरी 2025 में किया जा सकता है। परीक्षा का एडमिट कार्ड वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा और उम्मीदवारों को एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से भी सूचित किया जाएगा। परीक्षा में दो पेपर शामिल होंगे- जनरल एप्टीट्यूड और प्रोफेशनल नॉलेज। जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट 90 मिनट की अवधि का होगा और प्रोफेशनल नॉलेज टेस्ट की अवधि 45 मिनट की होगी। ऑनलाइन लिखित परीक्षा में गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं होंगे। फाइनल मेरिट लिस्ट प्रोफेशनल नॉलेज टेस्ट (100 अंकों में से) और इंटरव्यू (25 अंकों में से) के अंकों को 70:30 वेटेज के साथ एकत्रित करने के बाद तैयार की जाएगी।

### पदों का विवरण

- असिस्टेंट मैनेजर (इंजीनियर-सिविल): 42 पद
- असिस्टेंट मैनेजर (इंजीनियर-इलेक्ट्रिकल): 25 पद
- असिस्टेंट मैनेजर (इंजीनियर-फायर): 101 पद
- असिस्टेंट मैनेजर (इंजीनियर- सिविल): 1 पद


### चयन प्रक्रिया

सभी पदों के लिए: ऑनलाइन लिखित परीक्षा और इंटरव्यू असिस्टेंट मैनेज (इंजीनियर-फायर): शॉर्टलिस्टिंग और इंटरैक्शन

# जेएनयू पीएचडी एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**अंतिम तिथि 2 दिसंबर, 2024**

जो उम्मीदवार आवेदन करना चाहते हैं वे जेएनयू की आधिकारिक वेबसाइट **jnuee.jnu.ac.in** पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।



जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए NET, (यूजीसी-सीएसआईआर) जेआरएफ, गेट (GATE) के माध्यम से पीएचडी कोर्सेज में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। जो उम्मीदवार आवेदन करना चाहते हैं वे जेएनयू की आधिकारिक वेबसाइट jnuee.jnu.ac.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को बता दें कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 2 दिसंबर, 2024 है।

आधिकारिक नोटिफिकेशन में कहा गया है कि 'जेएनयू ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर उपलब्ध पीएचडी कार्यक्रमों के लिए ई-प्रॉस्पेक्टस देखें और ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले पात्रता मानदंड, सीटों की उपलब्धता और अन्य जानकारियों को चेक करें।'

इसके अलावा, उम्मीदवारों को NET (यूजीसी-सीएसआईआर) जेआरएफ या गेट (केवल स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के लिए) के माध्यम से एडमिशन के लिए अलग से आवेदन करना होगा।

आवेदनों विंडो के बंद होने के बाद, उम्मीदवार 3 से 4 दिसंबर, 2024 तक ऑनलाइन जानकारियों में सुधार कर सकेंगे। इसके बाद, उम्मीदवार को वाइवा वॉयस के लिए निमंत्रण 12 दिसंबर, 2024 तक अस्थायी रूप से भेजा जाएगा, और वाइवा-वॉयस परीक्षा 16 से 12 दिसंबर, 2024 तक आयोजित की जाएगी। पहली मेरिट सूची अस्थायी रूप से 30 दिसंबर, 2024 तक प्रकाशित की जाएगी।

### एप्लीकेशन फीस

- जो उम्मीदवार Ph.D कोर्सेज के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें 325 रुपये का ऑनलाइन आवेदन शुल्क देना होगा, जबकि स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में Ph.D के लिए आवेदन करने वालों को 20,545 रुपये का भुगतान करना होगा।
- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले ऑफिशियल नोटिफिकेशन में योग्यता और शैक्षणिक योग्यता जरूर चेक करें। ज्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को ऑफिशियल वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।



# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जारी करेगा 830 पदों पर भर्ती का विज्ञापन

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जूनियर इंजीनियर (जेईएन) भर्ती 2024 का नोटिफिकेशन जारी कर सकता है। जेईएन के 830 पदों पर भर्ती निकलेगी।

बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा, 'जेईएन भर्ती 830 पदों के लिए नोटिफिकेशन का 25 नवंबर का प्लान है।' राज्य के इंजीनियरिंग डिग्रीधारियों को कई महीनों से इस भर्ती का इंतजार था। उन्होंने यह भी कहा कि इनके अलावा पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ अभियंता डिग्री के 281 पदो की योग्यता कृषि व सिविल इंजीनियरिंग संयुक्त होने से अभी विज्ञापन जारी करने की कार्यवाही नहीं की जा रही हैं । परीक्षाएं नियत तिथियों पर ही होंगी।

### परीक्षा की शर्तें

**आयु सीमा:** उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच हो।

**योग्यता** : जूनियर इंजीनियर सिविल डिग्रीधारी के पद के लिए – सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री।

जूनियर इंजीनियर सिविल डिप्लोमाधारी के पद के लिए – सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा।

जूनियर इंजीनियर विद्युत डिग्रीधारी के पद के लिए – विद्युत इंजीनियरिंग में डिग्री।

जूनियर इंजीनियर विद्युत डिप्लोमाधारी के पद के लिए – विद्युत इंजीनियरिंग में डिप्लोमा।

जूनियर इंजीनियर (मकैनिकल/इलेक्ट्रिक) (डिग्रीधारी) के पद के लिए – मकैनिकल/इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग में डिग्री।

जूनियर इंजीनियर (मकैनिकल/इलेक्ट्रिक) (डिप्लोमाधारी) के पद के लिए – मकैनिकल/इलेक्ट्रिक इंजीनियरिंग में डिप्लोमा।

**वेतनमान** – पे मैट्रिक्स लेवल–10

**परीक्षा शुल्क:** सामान्य, क्रीमीलेयर कैटेगरी के ओबीसी/ईबीसी – 450 रुपये।

राजस्थान के ओबीसी/ईबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर उम्मीदवारों को 350 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा।

राजस्थान के विशेष रूप से विकलांग वर्ग और एससी / एसटी से संबंधित उम्मीदवारों को 250 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा।

# NEET MDS, DNB और NEET SS की परीक्षा तिथियां जारी



राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) ने वर्ष 2025 के लिए एनबीईएमएस परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। आधिकारिक वेबसाइट nbe.edu.in पर जाकर विभिन्न अहम परीक्षाओं की संभावित तिथियां देखी जा सकती हैं। कैलेंडर में फॉरेन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट (एफडीएसटी), फॉर्मेटिव असेसमेंट टेस्ट (एफएटी), डीएनबी (ब्रॉड स्पेशियलिटी) फाइनल प्रैक्टिकल परीक्षाएं, नीट एमडीएस 2025, नीट एसएस 2024, फेलोशिप प्रवेश परीक्षा 2024 तिथियां जैसी अहम डिटेल्स हैं।

### परीक्षा का नाम संभावित परीक्षा तिथि

- एनबीईएमएस डिप्लोमा फाइनल प्रैक्टिकल परीक्षा (दिसंबर 2024) फरवरी/मार्च 2025
- डीएनबी (ब्रॉड स्पेशियलिटी) फाइनल प्रैक्टिकल परीक्षा (अक्टूबर 2024) जनवरी/फरवरी 2025
- DrNB (सुपरस्पेशियलिटी) फाइनल थ्योरी एग्जाम 17, 18 और 19 जनवरी, 2025
- एफएनबी कोर्सेज के लिए फॉर्मेटिव असेसमेंट टेस्ट (FAT) (2023 सत्र) 12 जनवरी, 2025
- बीडीएस स्नातकों के लिए एफडीएसटी 2024 12 जनवरी, 2025
- फेलोशिप प्रवेश परीक्षा 2024 16 फरवरी, 2025
- एमडीएस और पीजी डिप्लोमा स्नातकों के लिए - FDST 2024 - 9 फरवरी, 2025

# हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा स्थगित, कब होगी परीक्षा?



हरियाणा बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन ने 7 और 8 दिसंबर को होने वाली हरियाणा टीईटी परीक्षा को स्थगित कर दिया है। बोर्ड ने कहा है कि शिक्षक पात्रता परीक्षा अगले आदेश तक स्थगित रहेगी। टीईटी परीक्षा स्थगित करने का कारण शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष के पद की रिक्ति है। अध्यक्ष पद पर नियुक्ति लंबित है।

बोर्ड ने अपने आधिकारिक नोटिस में कहा, राज्य सरकार एचटीईटी परीक्षा, 2024, जो मूल रूप से 7 दिसंबर, 2024 और 8 दिसंबर, 2024 के लिए निर्धारित थी, को अगले आदेश तक स्थगित करने के आपके प्रस्ताव पर सहमत हो गई है। सभी संबंधितों को सूचित किया जाना चाहिए और संशोधित तिथियों के लिए मंजूरी बाद में प्राप्त की जानी चाहिए।

यह परीक्षा हरियाणा के सरकारी स्कूलों में शिक्षण पदों के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाती है। स्तर 1 (प्राथमिक शिक्षक), स्तर 2 (प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक) और स्तर 3 (स्नातकोत्तर शिक्षक) तीन स्तर हैं जिन पर परीक्षा आयोजित की जाती है।

इससे पहले, हरियाणा टीईटी के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 नवंबर थी जिसे एक दिन बढ़ाकर 15 नवंबर कर दिया गया था। आवेदन फॉर्म में सुधार करने की अंतिम तिथि 17 नवंबर थी।

पहले जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार, हरियाणा टीईटी लेवल-3 का पेपर 7 दिसंबर को दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित किया जाना था। जबकि लेवल-2 का पेपर 8 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित किया जाना था और लेवल-1 का पेपर दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाना था, लेकिन अब दोनों को रद्द कर दिया गया है।

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी। पारिवारिक कष्ट एवं समस्याओं का अंत संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

**वृष:** आज शत्रु अधिक सक्रिय रहेंगे। कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी। लेन-देन में सावधानी रखें, जोखिम न लें। किसी शुभचिंतक से मेल-मुलाकात का हर्ष होगा। संतान की आजीविका संबंधी समस्या का हल निकलेगा।

**मिथुन:** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी। परिश्रम से स्वयं के कार्यों में भी शुभ परिणाम आएँगे।

**कर्क:** कार्यस्थल पर परिवर्तन लाभ में वृद्धि करेगा। नए अनुबंध होंगे। कष्ट होगा। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता बढ़ेगी। कार्य में नवीनता के भी योग हैं। संतान के व्यवहार से समाज में सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह:** कानूनी अड़चन दूर होगी। अध्यात्म में रुचि रहेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप से बचें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या:** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। प्रयास अधिक करने पर भी उचित सफलता मिलने में संदेह है। कार्य में विलंब के भी योग हैं।

**तुला:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय कार्य की बाधा दूर होगी। माता को बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे। पारिवारिक विवादों से दूर रहना चाहिए। पिता से व्यापार में सहयोग मिल सकेगा।

**वृश्चिक:** बेरोजगारी दूर होगी। विवाद न करें। संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो सकती है। आय बढ़ेगी। मन में उत्साहपूर्ण विचारों के कारण समय सुखद व्यतीत होगा। मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे।

**धनु:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। नए कार्यों से जुड़ने का योग बनेगा। पारिवारिक जीवन सुखद नहीं रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। इच्छित लाभ होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा हो सकती है।

**मकर:** आज बुरी खबर मिल सकती है। किसी भी तरह के विवाद को बढ़ावा न दें। भागदौड़ बनी रहेगी। पत्नी के आय में कमी होगी। किसी कार्य में प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से जुड़ने की प्रवृत्ति आपके लिए शुभ रहेगी। राज्य पक्ष से लाभ होगा। अपने काम से काम रखें।

**कुंभ:** मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। दूर रहने वाले व्यक्तियों से संपर्क के कारण लाभ हो सकता है। नई योजनाओं का सूत्रपात होने के योग हैं। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**मीन:** मेहमानों का आवागमन होगा। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। व्यर्थ समय नष्ट न करें। रु

# द्वितीय और द्वादश भाव का प्रभाव

द्वितीय भाव हमारे जीवन में भौतिक सुख, धन-संपत्ति, परिवार, और वाणी को दर्शाता है। द्वादश भाव हानि, त्याग, वैराग्य और आध्यात्मिकता का प्रतीक है।

जब द्वादश भाव का स्वामी द्वितीय भाव में स्थित होता है, तो यह व्यक्ति के जीवन में बड़े बदलावों का संकेत देता है। यह स्थिति धन, परिवार और भौतिक सुखों पर गहरा प्रभाव डालती है।







### मुख्य प्रभाव और व्याख्या

**1) पारिवारिक परिवर्तन:**

परिवार की परंपराओं और आदतों में बदलाव आ सकता है। परिवार के सदस्यों से दूरी या रिश्तों में खटास हो सकती है। क्रांतिकारी परिवर्तन संभव है।

**2) धन और भौतिक सुख:**

धन हानि या संपत्ति का बंटवारा हो सकता है।आप अपने संसाधनों को दूसरों के लिए त्याग कर सकते हैं।

भौतिक सुखों से विरक्ति की भावना हो सकती है।

**3) आध्यात्मिक दृष्टिकोण:**

सांसारिक चीजों से ध्यान हटकर आत्मचिंतन और आध्यात्मिकता की ओर बढ़ेगा। परिवार के साथ संवाद सीमित हो सकता है।

**4) वाणी और व्यक्तित्व पर प्रभाव:** बोलने की शैली बदल सकती है। अंतर्मुखी स्वभाव विकसित हो सकता है।परिवार के साथ बातचीत में कमी आ सकती है।

**उदाहरण:** यदि किसी की कुंडली में द्वादश भाव का स्वामी द्वितीय भाव में स्थित हो, तो:

वह परिवार से दूर रह सकता है।

धन-संपत्ति का उपयोग परोपकार में कर सकता है। रिश्तों में त्याग और समर्पण की भावना प्रबल होगी।



**प्रियंका जैन**
9769994439

### समस्याओं का समाधान

पारिवारिक और आर्थिक परेशानियों के उपाय:

**1) चंद्र मंत्र का जाप करें:**
मंत्र: ॐ सोम सोमाय नमः
विधि: प्रतिदिन सुबह 108 बार।

2) शुक्रवार को भगवान विष्णु की पूजा करें। उन्हें सफेद फूल और खीर का भोग लगाएं।

3) सफेद वस्त्र और चावल का दान करें। यह उपाय धन और पारिवारिक समस्याओं को दूर करता है।

### विशेष सलाह

यह योग आपके जीवन में आध्यात्मिक और भौतिक बदलाव लाने का संकेत है। इन उपायों को अपनाकर आप अपने जीवन को संतुलित बना सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

## नहाने के दौरान डूबने से दो महिलाओं समेत तीन की मौत

**सरायकेला।** सरायकेला के लिए बुधवार काला दिन साबित हुआ। दो अलग-अलग दुर्घटना में दो महिला और एक युवक की मौत हो गयी। हादसे के बाद गांवों में शोक की लहर है। पहली घटना पांड्रा गांव की है, जहां तालाब में डूब रही एक महिला को बचाने के दौरान दूसरी महिला भी डूब गयी। इससे दोनों महिलाओं की मौत हो गयी। दूसरी घटना खरकई नदी के जगन्नाथ घाट की है, जहां नहाने के दौरान मिर्गी आने से युवक की मौत हो गयी। दोनों हादसे से शोक की लहर है। सरायकेला थाना क्षेत्र के पांड्रा गांव में तालाब में नहाने गयीं दो महिलाओं की डूबने से मौत हो गयी। मृतका की पहचान पांड्रा गांव निवासी दुखी सरदार (30 वर्ष) और रंगाडीह गांव निवासी रेखा सरदार (28 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना बुधवार की सुबह करीब 9:30 बजे की है। बुधवार की सुबह दोनों महिलाएं प्रतिदिन की तरह तालाब में नहाने गयी थीं। नहाने के क्रम में दुखी सरदार का पैर तालाब की सीढ़ियों पर फिसल गया और वह पानी में डूबने लगी।

## झारखंड में जल्द होगी सिपाहियों की बंपर बहाली

**रांची ।** झारखंड में जल्द ही आरक्षी के पदों पर बहाली की प्रक्रिया दोबारा शुरू की जायेगी। पुलिस मुख्यालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए दो पैमानों का इस्तेमाल किये जाने की उम्मीद है। पुरुष अभ्यर्थियों के लिए पहले से निर्धारित 10 किमी और महिला अभ्यर्थियों के लिए पांच किमी की दौड़ की सीमा को घटाया जा सकता है, जबकि दौड़ के समय को भी बढ़ायी जा सकती है। इसके अलावा सेना की तर्ज पर 1600 मीटर दौड़, लंबी और ऊंची कूद निर्धारित किये जाने की भी उम्मीद है।

## राज्य के नौ मेडिकल कॉलेजों में 316 सीटें खाली

**रांची ।** जेसीइसीइबी ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों में रिक्त सीटों को भरने के लिए स्पेशल स्ट्रे वेकेंसी राउंड काउंसेलिंग शुरू की है। आंकड़ों की माने तो अब भी राज्य के 16 मेडिकल कॉलेजों में से नौ कॉलेज में 316 सीटें खाली हैं। सर्वाधिक 172 सीटें राज्य के चार होमियोपैथिक कॉलेजों में खाली है। जबकि, 143 डेंटल की और एक एमबीबीएस की सीट रिम्स रांची में खाली है। यह सभी रिक्त सीटें निजी मेडिकल कॉलेजों की है। स्पेशल स्ट्रे वेकेंसी राउंड से पूर्व जेसीइसीइबी ने तीन चरण की काउंसेलिंग के बाद स्ट्रे वेकेंसी राउंड काउंसेलिंग का आयोजन किया था। इसमें हजारों आवेदन के बाद राज्य मेधा सूची जारी की गयी। बावजूद विद्यार्थियों ने राज्य कोटा की एमबीबीएस सीटों को छोड़ राज्य के निजी डेंटल और होमियोपैथिक कॉलेज में नामांकन लेने में रुचि नहीं दिखायी।

# बिहार में अलग मिथिला राज्य की मांग तेज

▶▶ राबड़ी देवी ने उठाया मुद्दा

**एजेंसी । पटना**

बिहार में एक बार फिर अलग मिथिला राज्य बनाने की मांग तेज हो गई है। बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी नेता राबड़ी देवी ने विधान परिषद के शीतकालीन सत्र में अलग मिथिला क्षेत्र बनाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को इस मुद्दे पर कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोगों को इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करनी चाहिए। सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए राबड़ी देवी ने यह बात दोहराई।

### मिथिला भाषा पर चर्चा के दौरान राबड़ी देवी ने उठाया मुद्दा



राबड़ी देवी ने सदन में मैथिली भाषा पर चर्चा के दौरान यह मांग उठाई। सदन में एमएलसी हरि सहनी संविधान को मैथिली भाषा में लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दे रहे थे। हरि सहनी कह रहे थे कि अटल जी ने मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया था और अब पीएम मोदी ने मिथिल के लोगों को बड़ा सम्मान दिया है। इस दौरान राबड़ी देवी ने कहा, 'मैथिली भाषा को सम्मान देना अच्छा कदम है, लेकिन मिथिला राज्य भी बनना चाहिए।' राबड़ी देवी के इस बयान ने बिहार के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है।

### जनता की मांग है अलग मिथिला: राबड़ी देवी

राबड़ी देवी ने कहा, 'बीजेपी केंद्र और राज्य दोनों जगह सत्ता में है। ऐसे में अगर मैथिली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल किया जा सकता है तो इसे अलग राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया जा सकता? यह जनता की मांग है और सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।' बता दें कि मैथिली भाषी लोग लंबे समय से अलग मैथिली राज्य की मांग कर रहे हैं और इसे लेकर समय-समय पर कई आंदोलन भी हुए हैं।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने आजमगढ़ महिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

▶▶ लापरवाही पर सुधार के दिए निर्देश

**एजेंसी । आजमगढ़**

राज्य महिला आयोग की सदस्य ने बुधवार की सुबह 10 बजे जिला महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें अस्पताल में कई कमियां मिली जिसमें सुधार का अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि झांसी में हुई घटना के बाद इस तरह लापरवाही देखने को मिल रही है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉक्टर प्रियंका मौर्या ने जिला महिला चिकित्सालय की व्यवस्था को देखकर वह चौंक गईं।



### व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश

उन्होंने इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ। विनय सिंह यादव से भी पूछताछ की और वहां भर्ती महिला मरीज व उनके परिजनों से भी जानकारी ली। कई गड़बड़ी मिलने पर उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश दिया और कहा कि अगली बार जब वह आएंगी तो यहां पर व्यवस्था चुस्त दुरुस्त मिलनी चाहिए। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि झांसी में बीते दिनों जिस प्रकार से अस्पताल में नवजात बच्चों की मौत हुई थी। उसको लेकर सबसे पहले सिलेंडर की जांच की गई। सिलेंडर में मैन्युफैक्चरिंग डेट तो लिखी मिली लेकिन एक्सपायरी डेट नहीं लिखा था। जोकि लिखा होना चाहिए था। इसके अलावा भर्ती महिला मरीज से उन्होंने बात की गई तो उन्होंने बताया कि टीका लगवाने का यहां पर 10 रुपये से लेकर 50 रुपये तक वसूली की जाती है। जबकि यह निशुल्क सरकार के द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा उनके सामने ही परिसर में गलियारों में कुत्ते घूमते नजर आए। दो डॉक्टर भी उपस्थित नहीं थी और इसकी किसी को जानकारी भी नहीं थी। इस बारे में जांच का निर्देश दिया है। यहां की व्यवस्था पर उन्होंने सवाल खड़ा किया और कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधा को बढ़ाने के लिए तमाम कार्य कर रही है लेकिन हकीकत में जो है, वह देखा जा सकता है। इसलिए व्यवस्था में जल्द सुधार लाने का निर्देश दिया है।

संभल हिंसा में सनसनीखेज खुलासा

# अफसरों के सामने महिलाओं ने किया था पथराव

▶▶ निशाने पर थे डीआईजी-डीएम और एसपी

**एजेंसी । संभल**

संभल हिंसा के बाद जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। पीआरओ और दो अन्य सिपाहियों पर हमले की सूचना पर पहुंचे डीआईजी, डीएम और एसपी पर सबसे पहले महिलाओं ने पथराव किया था। इसके बाद अन्य लोगों ने भी पत्थर फेंके थे। यह बात अधिकारियों ने प्रेसवार्ता के दौरान बताई। कहा कि हिंदूपुरा खेड़ा में जब वह फोर्स के साथ पहुंचे थे तो तीन महिलाओं ने छतों से पुलिस पर पथराव किया। इसके अलावा अन्य लोग भी छतों से पथराव कर रहे थे। इसलिए तीन महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि कई स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की डीवीआर भी नहीं मिली है।



### उपद्रवियों की पहचान कराई जा रही

एसपी ने कहा कि उपद्रवियों की पहचान कराई जा रही है। पुलिस प्रशासन की ओर से 11 वीडियो जारी किए गए हैं। इसमें पांच वीडियो ड्रोन कैमरे, तीन कैमरे और तीन सीसीटीवी कैमरों के वीडियो हैं। इसमें उपद्रवी सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। सीसीटीवी कैमरे में कैद उपद्रवियों के चेहरे साफ भी दिखाई दे रहे हैं और मास्क भी लगाया हुआ है। यह उपद्रवी बवाल से पहले कैमरों को क्षतिग्रस्त करते हैं और फिर बवाल करते हैं। ड्रोन कैमरे भी तोड़ने के लिए पथराव किया लेकिन कैमरे तक पत्थर नहीं पहुंचा।

# झांसी मेडिकल कॉलेज अग्निकांड पर बड़ी कार्रवाई

▶▶ प्रधानाचार्य हटाए गए, तीन निलंबित किए गए

**एजेंसी । झांसी**



झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में हुए अग्निकांड में 18 शिशुओं की मौत के मामले में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बड़ी कार्रवाई की है। डिप्टी सीएम के निर्देश पर गठित चार सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट के आधार पर कॉलेज के प्रधानाचार्य को हटा दिया गया है साथ ही कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को आरोप पत्र एवं तीन अन्य को निलंबित किया गया है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि झांसी मेडिकल कॉलेज में हुई हृदय विदायक घटना को लेकर सरकार बेहद संवेदनशील है। पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशक किंजल सिंह के नेतृत्व में चार सदस्यी जांच कमेटी का गठन गया था। जांच रिपोर्ट के आधार पर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ। नरेंद्र सिंह सेंगर को पद से हटा दिया गया है। उन्हें चिकित्सा शिक्षा विभाग के महानिदेशालय से संबद्ध किया गया है साथ ही मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ। सचिन माहुर को आरोप पत्र दिया गया है। वहीं, कॉलेज के अवर अभियन्ता (विद्युत) संजीत कुमार, एनआईसीयू वार्ड की नर्सिंग सिस्टर इंचार्ज संध्या राय एवं मेडिकल कॉलेज की प्रमुख अधीक्षक डॉ। सुनीता राठौर को तत्काल निलम्बित करते हुए आरोप पत्र दिया गया।

### कमिश्नर स्तर से भी जांच के निर्देश

कॉलेज में बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ। ओम शंकर चौरसिया, सर्जरी विभाग के सह-आचार्य डॉ। कुलदीप चंदेल व विद्युत प्रभारी अधिकारी को आरोप पत्र देकर उनकी भूमिका की जांच के लिए मण्डलायुक्त झांसी को जांच अधिकारी बनाया गया।

### यह थी घटना

15 नवम्बर को झांसी स्थित महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के एनआईसीयू वार्ड में आग लगने से 18 बच्चों की मृत्यु हो गई थी। हादसे के तुरंत बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक घटनास्थल पर पहुंचे थे और पीड़ित परिवारों को सांत्वना दी थी साथ ही दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

## झारखंड में चक्रवाती तूफान का दिखेगा असर

**रांची।** झारखंड में ठंड ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। अब राज्य में चक्रवाती तूफान का असर दिखेगा। तीन दिसंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध और उसके बाद आंशिक बादल छाए रहेंगे। मौसम शुष्क रहेगा। 28 नवंबर यानी गुरुवार के मौसम के मिजाज की बात करें तो सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रह सकता है या धुंध रह सकती है। इसके बाद आसमान में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। रांची के आस-पास के इलाकों का मौसम भी कुछ इसी तरह रहने का अनुमान है। झारखंड में पारा गिरने से कनकनी बढ़ी है। पश्चिम बंगाल की खाड़ी में डीप डिप्रेशन बनने से चक्रवाती तूफान का असर झारखंड में दिखेगा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने जानकारी दी है कि आनेवाले दो से तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं दिखेगा। उसके बाद उसमें दो से तीन डिग्री की बढ़ोत्तरी दिखेगी।

## व्यापार जगत

# 500 और 2,000 रुपए के नकली नोटों में तीन साल में तीन गुना उछाल

**एजेंसी । नई दिल्ली**


500 और 2,000 रुपएके नकली नोटों का प्रचलन पिछले कुछ सालों में तेजी से बढ़ा है। वित्त मंत्रालय द्वारा लोकसभा में सोमवार को साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, 500 रुपएके नकली नोटों की संख्या 2018-19 से 2023-24 के बीच लगभग चार गुना बढ़ गई है। वहीं, 2,000 रुपएके नकली नोटों की डिटेक्शन 2020-21 के बाद तीन गुना हुई है।

### 500 रुपए के नकली नोटों में तेज़ी



500 रुपए का नोट रोजमर्रा के लेन-देन में सबसे अहम भूमिका निभाता है। इसकी बढ़ती मांग के साथ नकली नोटों का चलन भी बढ़ा है। मंत्रालय द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार, 2018-19 में 500 रुपए के नकली नोटों की संख्या 21,865 मिली थी। यह संख्या 2022-23 में अपने हाई 91,110 तक पहुंच गई। हालांकि, 2023-24 में यह थोड़ी कम होकर 85,711 रह गई।

### 2,000 रुपए के नकली नोटों में भी इज़ाफा



2020-21 से 2023-24 के बीच 2,000 रुपये के नकली नोटों की पहचान तीन गुना बढ़ चुकी है। इन आंकड़ों ने नकली नोटों के बढ़ते प्रचलन को लेकर सरकार और जनता के बीच चिंता बढ़ा दी है। वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में इस पर जवाब देते हुए नकली नोटों की रोकथाम के लिए चल रहे प्रयासों का ज़िक्र किया। सरकार लगातार नकली नोटों के खिलाफ सख्त कदम उठा रही है और उनकी पहचान के लिए नई तकनीकों का इस्तेमाल कर रही है।

### 2,000 रुपए के नकली नोटों में तीन गुना बढ़ोतरी, नकली नोटों की पहचान में तेज़ी

2,000 रुपए के नकली नोटों की संख्या 2020-21 के मुकाबले 2023-24 में तीन गुना बढ़ गई है। वित्त मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, नकली 2,000 रुपए के नोटों की पहचान में पिछले कुछ वर्षों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला।

**नकली 2,000 रुपए के नोटों के आंकड़े**

2018-19 में 21,847 नकली नोट पकड़े गए थे, जो 2020-21 में घटकर 8,798 रह गए। 2021-22 में यह संख्या बढ़कर 13,604 हो गई, लेकिन 2022-23 में फिर घटकर 9,806 पर आ गई। हालांकि, 2023-24 में नकली नोटों की संख्या में बड़ा उछाल आया और यह 26,035 तक पहुंच गई, जो 2020-21 की तुलना में तीन गुना है।

### 2,000 रुपए के नोट की शुरुआत और गिरावट

2,000 रुपये के नोट को नवंबर 2016 में विमुद्रीकरण के बाद नकदी संकट से निपटने के लिए शुरू किया गया था। इस नोट को हाई प्राइस के लेन-देन में मदद के लिए जारी किया गया था। मार्च 2018 तक, यह नोट कुल प्रचलित मुद्रा का 37.3% हिस्सा था। लेकिन 2018-19 में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने इसकी छपाई कम कर दी, यह कहते हुए कि इसकी मांग घट गई है और यह अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल हो सकता है। मार्च 2021 तक 2,000 रुपये के नोटों का हिस्सा घटकर कुल मुद्रा मूल्य का 17% रह गया। मई 2023 में, RBI ने इन नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की, हालांकि यह कानूनी मुद्रा के रूप में मान्य हैं। लोगों को इन नोटों को जमा या बदलने का समय दिया गया था।

# सेंसेक्स 230 अंक चढ़कर 80,234 पर बंद

▶▶ निफ्टी में भी 80 अंक की तेजी रही

**एजेंसी । मुंबई**

सेंसेक्स बुधवार को 230 अंक चढ़कर 80,234 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 80 अंकों की तेजी रही। ये 24,274 पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट देखने को मिली है। ऑटो, IT और एनर्जी शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखने को मिली है। अडाणी एंटरप्राइजेज आज निफ्टी का टॉप गेनर रहा। ये आज 248.50 रुपए (11.56%) चढ़कर 2,399 रुपए पर बंद हुआ।

### एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार



एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.80% और कोरिया के कोस्पी में 0.69% की गिरावट रही। वहीं चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 1.53% की बढ़त देखने को मिली। 26 नवंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.28% चढ़कर 44,860 पर और S&P 500 0.57% बढ़कर 6,021 पर बंद हुआ। नैस्डैक भी 0.63% चढ़कर 19,175 पर बंद हुआ। NSE के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों (FIIs) ने 26 नवंबर को 1,157 करोड़ के शेयर खरीदे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 1,910 करोड़ के शेयर बेचे।

### 26 नवंबर को बाजार में रही थी गिरावट

इससे पहले 26 नवंबर को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 105 अंक की गिरावट के साथ 80,004 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 27 अंक की गिरावट रही, ये 24,194 के स्तर पर बंद हुआ था।

# अडाणी ग्रुप ने रिश्वत के आरोपों को किया खारिज

**एजेंसी । मुंबई**

अडाणी ग्रुप ने साफ किया है कि चेयरमैन गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी और सीनियर एग्जीक्यूटिव विनीत जैन पर अमेरिका में रिश्वत से जुड़े कोई आरोप नहीं हैं। अडाणी ग्रुप के मुताबिक, गौतम अडाणी, सागर अडाणी और विनीत जैन के खिलाफ US फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट (FCPA) के तहत रिश्वत और भ्रष्टाचार के आरोपों पर कई मीडिया हाउस में चल रही खबरें 'गलत' हैं। हालांकि, इन पर अमेरिका में सिक्योरिटीज और वायर फ्रॉड से संबंधित मामले हैं।



### अमेरिका डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस के पास पांच मामले

कंपनी ने कहा कि अमेरिका डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस के पास पांच मामले हैं। इसमें गौतम अडाणी, सागर अडाणी या विनीत जैन को काउंट 1 और काउंट 5 में शामिल नहीं किया है। काउंट वन यानी 'FCPA का उल्लंघन करने की साजिश' और काउंट 5 यानी 'न्याय में बाधा डालने की साजिश।' अभियोग के काउंट वन में केवल एज्योर पावर के रंजीत गुप्ता, सिरिल कैबेन्स, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा और रूपेश अग्रवाल शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि इसके तहत डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने अडाणी ग्रुप के किसी भी अधिकारी का नाम नहीं लिया है। बयान में आगे कहा गया है, अडाणी ग्रुप के अधिकारियों पर केवल काउंट 2: स्कथित सिक्योरिटी फ्रॉड कॉन्स्पिरेसीस्, काउंट 3: स्कथित वायर फ्रॉड कॉन्स्पिरेसीस् के आरोप लगाए गए हैं।

## भारत ने फिनटेक उद्योग को विनियमित करने के लिए कड़े कदम उठाए

**एजेंसी । नई दिल्ली**



धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की सिफारिशों के अनुसार भारत में फिनटेक उद्योग को विनियमित करने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार के एक अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही। वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (राजस्व विभाग) विवेक अग्रवाल ने इंदौर में चल रही यूरेशियन समूह की 41वीं पूर्ण बैठक के दौरान कहा कि भारत उन कुछ देशों में शामिल है जो फिनटेक उद्योग को विनियमित करने के लिए एफएटीएफ की सिफारिशों पर काम कर रहे हैं। एफएटीएफ धन शोधन, आतंकवाद और प्रसार वित्तपोषण से निपटने के लिए वैश्विक कार्रवाई का नेतृत्व करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भी भुगतान एग्रीगेटर्स और भुगतान गेटवे को विनियमित करने के लिए अलग से दिशानिर्देश जारी किए हैं।

# ब्यू वेबस्टर एडिलेड में पदार्पण को तैयार

## मार्श के कवर के रूप में ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया जा सकता है 30 साल के ऑलराउंडर को

एजेंसी | एडिलेड

मिचेल मार्श की चोटों की परेशानी से 30 साल के ब्यू वेबस्टर को टेस्ट पदार्पण का मौका मिलना लगभग तय नजर आ रहा है। अभी तक एक भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलने वाले ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए चोटिल मार्श के कवर के रूप में ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया जा सकता है। फॉक्स क्रिकेट के अनुसार वेबस्टर को 6 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने पहले टेस्ट मैच में हार के बाद कहा था, वह (मार्श) ब्रिटेन के दौरे के बाद ही कुछ परेशानियों से जूझ रहा है।



### अब तक शानदार रहा प्रदर्शन

- 468वें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर होंगे टेस्ट कैप हासिल करने वाले
- 5297 रन वेबस्टर अब तक 93 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में बना चुके
- 12 शतक और 24 अर्धशतक अब तक अपने नाम दर्ज करा चुके ब्यू

### 148 विकेट भी 93 प्रथम श्रेणी मैच में हासिल कर चुके

तस्मानिया के रहने वाले 30 वर्षीय ऑलराउंडर वेबस्टर ने पिछले दो वर्षों में शेफील्ड शील्ड में अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पांच शतक और नौ अर्द्धशतक की मदद से 1788 रन बनाए हैं। वह भी मार्श की तरह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में तस्मानिया की तरफ से न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच में शानदार प्रदर्शन किया तथा पांच विकेट लेने के अलावा 61 और 49 रन की दो उपयोगी पारियां खेलीं। उन्होंने तीन पारियों में कुल 152 रन बनाए और छह विकेट लिए।

### भारत ए के खिलाफ चमके

दस साल से क्रिकेट के मैदान में जलवा बिखेर रहे वेबस्टर ने हाल में भारत ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए के चार दिवसीय मुकाबले में 72.50 की औसत से 145 रन बनाने के साथ ही सात विकेट भी झटके थे। इसमें एक अर्धशतक भी शामिल था। हालांकि इसके अलावा पहले टेस्ट मैच में बड़ी हार के बावजूद ऑस्ट्रेलिया के दूसरे टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम में बड़े बदलाव करने की संभावना नहीं है। मेजबान टीम ने अभी अंतिम एकादश की घोषणा नहीं की है।

# रबाडा और हेजलवुड को पछाड़ बुमराह फिर शीर्ष पर

एजेंसी | दुबई

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच विजयी गेंदबाजी स्पैल की बदौलत कैगिसो रबाडा और जोश हेजलवुड को पछाड़ फिर टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज हो गए। कार्यवाहक कप्तान बुमराह ने मैच में आठ विकेट झटके जिससे भारत ने पहला मैच 295 रन से जीत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली।



पर्थ टेस्ट से पहले बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। अब वह करियर के सर्वश्रेष्ठ 883 रैंकिंग अंक पर पहुंच गए हैं जिससे उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के रबाडा (872 अंक) और ऑस्ट्रेलिया के हेजलवुड (860 अंक) को पीछे छोड़ दिया। बुमराह के साथी मोहम्मद सिराज ने पर्थ टेस्ट में पांच विकेट झटके जिससे उन्हें भी तीन पायदान का फायदा हुआ और वह 25वें स्थान पर पहुंच गए। पहले टेस्ट में 161 रन की पारी खेलने वाले यशस्वी जायसवाल अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 825 अंक की मदद से बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के जो रूट (903 अंक) से पीछे दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

# ह्यूज की दसवीं बरसी पर आंसू नहीं रोक पाए एबॉट

एजेंसी | सिडनी

फिलिप ह्यूज की बल्लेबाजी के दौरान गर्दन पर गेंद लगने से हुई दुखद मौत की 10वीं बरसी पर उनके परिवार और दोस्तों ने बुधवार को इस दिवंगत ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सीन एबॉट को आंसू पोंछते देखा गया। 2014 में न्यू साउथ वेल्स और दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के बीच शेफील्ड शील्ड मैच के दौरान एबॉट की गेंद ह्यूज के गर्दन पर लगी थी जिसके कारण आखिर में उनकी मौत हो गई थी। न्यू साउथ वेल्स के खिलाड़ियों ने तस्मानिया के खिलाफ शेफील्ड शील्ड मैच के चौथे दिन बुधवार को खेल शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन



रखा और इस बीच एबॉट को भी सांत्वना दी। ह्यूज को श्रद्धांजलि देने के लिए शेफील्ड शील्ड में खेल रहे खिलाड़ी शनिवार से मैचों में काली पट्टी पहन रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे टेस्ट से पहले भी ह्यूज को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

# करियर लंबा खींचना चाहता हूं : स्टोक्स



एजेंसी | क्राइस्टचर्च

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय करियर लंबा खींचने और एशेज जैसी प्रतियोगिताओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए वह आईपीएल की नीलामी से बाहर रहे। स्टोक्स पहले चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट की तरफ से आईपीएल में खेल चुके हैं। स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच की पूर्वसंध्या पर बीबीसी से कहा, यह बात किसी से छुपी नहीं है कि मैं अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर हूं।

# खराब फॉर्म में चल रहे मेजबान बल्लेबाज अभ्यास मैच में नहीं उतरेंगे

एजेंसी | सिडनी

ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने पर्थ टेस्ट में हार के बाद राष्ट्रीय टीम के खराब फॉर्म में चल रहे किसी भी बल्लेबाज को कैनबरा में भारत के खिलाफ प्रधानमंत्री एकादश की टीम में शामिल नहीं करने का फैसला किया है। पहले टेस्ट मैच में हार के बाद उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर दूसरे टेस्ट से पहले दबाव बढ़ गया है।

मार्नस लाबुशेन (02, 03) और स्टीव स्मिथ (00, 17) जैसे बल्लेबाज पहले टेस्ट में रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए। इसके बाद पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क सहित कई पूर्व खिलाड़ियों ने एडिलेड में दिन रात्रि टेस्ट से पहले जोश इंग्लिश सहित इन खिलाड़ियों



को शनिवार से होने वाले दो दिन के अभ्यास मैच में उतारने की अपील की थी। लेकिन टीम प्रबंधन ने अपील खारिज कर दी। सिडनी मार्निंग हेराल्ड के अनुसार, ऐसा फैसला इसलिए किया गया है क्योंकि खिलाड़ियों के लिए घर में समय बिताना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा मेजबान टीम अगले मैच से पहले उनके टेस्ट बल्लेबाजों का आकलन करने का मौका भारत को नहीं देना चाहती है।

### युवा खिलाड़ी होंगे शामिल

प्रधानमंत्री एकादश में अधिकतर युवा खिलाड़ियों को शामिल किया जाता है। कैनबरा में गुलाबी गेंद से होने वाले इस दो दिवसीय मैच में सैम कोन्स्टास और मैट रेनशॉ और तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड जैसे खिलाड़ी शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलिया की टीम सोमवार को एडिलेड में एकत्रित होगी। इसमें इंग्लिश और लाबुशेन भी शामिल होंगे। लाबुशेन भले ही खराब फॉर्म में चल रहे हैं लेकिन दिन-रात्रि टेस्ट मैच में उनका रिकॉर्ड अच्छा रहा है जिसके दम पर उन्हें अंतिम एकादश में जगह मिलना तय है।

# एडिलेड टेस्ट के लिए अच्छी तैयारी करेंगे : मैक्डोनाल्ड

एजेंसी | एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने भी कहा कि वह अभ्यास मैच के लिए टेस्ट टीम के किसी खिलाड़ी को नहीं भेजना चाहते हैं। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि गर्मियों के व्यस्त सत्र के लिए हमने अच्छी तैयारी की है। एडिलेड टेस्ट के लिए हम अच्छी तैयारी करेंगे।



### जीत हासिल करना अहम

उन्होंने कहा, हम पहले केवल शुरुआती टेस्ट के बारे में सोच रहे थे। आपने देखा होगा कि हमने इसके लिए किस तरह से तैयारी की थी। हम सहज थे और हमारे प्रदर्शन के लिए तैयारी कोई बहाना नहीं है। आप हमेशा गर्मियों के सत्र की अच्छी शुरुआत चाहते हैं। ऐसा नहीं है कि आप शुरू में ही पांचवें टेस्ट के बारे में सोचना शुरू कर दो। जीत हासिल करना महत्वपूर्ण होता है और हम अनुकूल परिणाम हासिल करने के लिए इस पर काम कर रहे हैं। मैक्डोनाल्ड ने कहा, हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम उसी तरह खेलें, जैसा हम खेलना चाहते हैं। हम इस पर विचार नहीं कर रहे हैं कि हम पहला मैच इतने रन से हार गए।

# बांग्लादेश की महिला टीम ने आयरलैंड को हराया

एजेंसी | ढाका

शर्मिन अख्तर (96) और फरगाना हक (61) की शानदार बल्लेबाजी के बाद सुल्ताना खातून (तीन विकेट), मारुफा अख्तर और नाहिदा अख्तर (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से बांग्लादेश की महिला टीम ने बुधवार को वनडे मुकाबले में आयरलैंड की महिला टीम को 154 रन से हरा दिया। बांग्लादेश ने 50 ओवरों में चार विकेट



पर 252 रन बनाए। आयरलैंड के लिए फ्रेया सार्जेंट ने दो विकेट लिए। आयरलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने 10 रन तक दो विकेट गवां दिए। फिर ओर्ला प्रेंडरगैस्ट (19) और सारा फोर्ब्स (25) ने पारी संभालने का प्रयास किया। लौरा डेलानी ने (22) रन बनाए। आयरलैंड के आठ खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकीं और पूरी टीम 28.5 ओवर में 98 रन पर ढेर हो गई।



# मोहम्मद रफी की बायोपिक का ऐलान

भारतीय सिनेमा के दिवंगत गायक मोहम्मद रफी भले ही इस दुनिया में न हों, लेकिन वह अपने गीतों के जरिए आज भी करोड़ों लोगों के दिलों में जिंदा हैं। अब गायक से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, मोहम्मद रफी के बेटे शाहिद रफी ने अपने पिता पर बायोपिक फिल्म बनाने की घोषणा की है। शाहिद ने भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बताया कि वह अपने पिता मोहम्मद रफी की जिंदगी पर एक फिल्म बना रहे हैं।

### उमेश शुक्ला करेंगे निर्देशन

शाहिद ने कहा, 'दिसंबर में इसकी घोषणा की जाएगी। मैं पापा पर बायोपिक बना रहा हूं। हम योजना बना रहे हैं। यह पापा की जीवन कहानी होगी। गाने भी बायोपिक में शामिल होंगे।' मोहम्मद रफी की जिंदगी पर बन रही बायोपिक का निर्देशन उमेश शुक्ला करने वाले हैं, जिन्हें 'ओह माय गॉड' और '102 नॉट आउट' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। इस बायोपिक की आधिकारिक घोषणा 24 दिसंबर को की जाएगी। इस दिन रफी की जन्म शताब्दी है।

# बेहद जटिल किरदार निभाएंगी भूमि पेडनेकर



अभिनेत्री भूमि पेडनेकर को पिछली बार फिल्म 'भक्षक' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म इसी साल 9 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इन दिनों भूमि अपनी पहली वेब सीरीज 'द रॉयल्स' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा भूमि वेब सीरीज 'दलदल' में भी नजर आएंगी। हाल ही में अभिनेत्री ने 'द रॉयल्स' और 'दलदल' पर खुलकर बात की और बताया कि दोनों वेब सीरीज में उनका किरदार कैसा होगा। 'द रॉयल्स' के अलावा भूमि ने अपनी अगली वेब सीरीज 'दलदल' पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'यह सीरीज 'द रॉयल्स' से बिलकुल विपरीत है। मैंने कभी अपने करियर में इस तरह के किरदार को नहीं निभाया है। इस सीरीज में मेरा किरदार बहुत जटिल है।' 'दलदल' जल्द ही OTT प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। इस सीरीज में भूमि नव नियुक्त DCP रीता फरेरा का किरदार निभाती नजर आएंगी।

# अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने फिर रचाई शादी

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी और अभिनेता सिद्धार्थ 3 साल तक एक-दूजे को डेट करने के बाद आखिरकार पति-पत्नी बन गए हैं। दोनों ने 16 सितंबर, 2024 को तेलंगाना के वानापर्थी जिले के श्रीरंगपुर में श्री रंगनायकस्वामी मंदिर में सात फेरे लिए। इस समारोह में केवल उनके परिवार के सदस्य और करीबी दोस्त शामिल हुए थे। अब सिद्धार्थ और अदिति ने दोबारा शादी रचाई है। आइए बताते हैं इस बार क्या अलग और खास है।

### सामने आईं खूबसूरत तस्वीरें

इस बार अदिति और सिद्धार्थ ने शादी अंदाज में शादी रचाई है। दोनों हाल ही में राजस्थान के बिशनगढ़ के अलीला किले में भव्य समारोह में फिर से शादी के बंधन में बंधे। अदिति और सिद्धार्थ की शादी की तस्वीरें सामने आ गई हैं, जो सोशल मीडिया पर ताबड़तोड़ वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में अदिति लाल रंग का बेहद खूबसूरत लहंगा पहने नजर आ रही हैं, वहीं सिद्धार्थ ने सफेद रंग की शेरवानी पहनी हुई है।




# खौफनाक खेल के साथ आ रहा है 'स्क्विड गेम 2'

कोरियन थ्रिलर वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' का दूसरा सीजन दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अब तक इस सीरीज के कई टीजर रिलीज हो चके हैं। अब निर्माताओं ने 'स्क्विड गेम 2' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें तमाम सितारों की झलक दिख रही है। ट्रेलर को देख दर्शक सीरीज के लिए काफी उत्साहित हो गए हैं।

### नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी वेब सीरीज

'स्क्विड गेम 2' का प्रीमियर 26 दिसंबर, 2024 से OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। 'स्क्विड गेम' पैसे की तंगी से जूझ रहे व्यक्तियों की कहानी है, जो बच्चों के खेल में बड़ी रकम जीतने के मौके के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, लेकिन हारने वालों के लिए मौत ही एकमात्र विकल्प है। बता दें 'स्क्विड गेम' का पहला सीजन साल 2021 में आया था और इसे दर्शकों का खूब प्यार मिला, वहीं इसका तीसरा सीजन 2025 में आएगा।




# दुल्हन बनने को तैयार कीर्ति सुरेश

दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री कीर्ति सुरेश इन दिनों अपनी पेशेवर जिंदगी से कहीं ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। वह पिछले 15 साल से व्यवसायी एंटनी थाटिल को डेट कर रही हैं। दोनों को अक्सर साथ में देखा जाता है। कहा जा रहा है कि कीर्ति और एंटनी 12 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधने को तैयार हैं। अब इससे पहले कीर्ति ने एंटनी के साथ अपना रिश्ता सार्वजनिक कर दिया है।



### कोच्चि की रहने वाली हैं कीर्ति

कीर्ति ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एंटनी के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, '15 साल और गिनती जारी है। यह हमेशा से रहा है।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कीर्ति और एंटनी जल्द ही डेस्टिनेशन वेडिंग करने वाले हैं। दोनों 12 दिसंबर को गोवा में शादी करने को तैयार हैं। एंटनी केरल के कोच्चि के रहने वाले हैं। वह जाने-माने व्यवसायी हैं। एंटनी केरल की एक प्रमुख रिसॉर्ट चेन के मालिक भी हैं।

# पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 'बन टिक्की'



पिछले लंबे समय से अभिनेता अभय देओल अपनी आगामी फिल्म 'बन टिक्की' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इसके अलावा अदाकारा जीनत अमान भी इस फिल्म के जरिए लंबे अंतराल के बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं। अब खबर आ रही है कि 'बन टिक्की' का वर्ल्ड प्रीमियर पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल में होने जा रहा है। आइए बताते हैं कब। 'बन टिक्की' का वर्ल्ड प्रीमियर 5 जनवरी, 2025 को पाम स्प्रिंग्स फिल्म फेस्टिवल में होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिका के कैलिफोर्निया में रखा गया है। निर्माताओं ने फिल्म का पहला पोस्टर साझा कर इस खबर की जानकारी दी है। 'बन टिक्की' में नुसरत भरूचा भी नजर आएंगी। मनीषा मल्होत्रा इस फिल्म के निर्माता हैं, वहीं फराज आरिफ अंसारी ने फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है। बता दें कि 'बन टिक्की' की कहानी पिता-पुत्र के रिश्ते पर आधारित है।

सुप्रीम फैसले

### डेढ़ दर्जन से अधिक जगहों पर बहुत खराब श्रेणी में हवा

**नई दिल्ली।** राजधानी में बुधवार को प्रदूषण का स्तर बहुत खराब श्रेणी में बना रहा। हालांकि, वायु गुणवत्ता सूचकांक में पूर्व की अपेक्षा कमी दर्ज की गई है। सुबह आठ बजे यह सूचकांक 302 था, लेकिन शाम चार बजे मानक सूचकांक 303 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार को सुबह नौ बजे 343 था। इसकी अपेक्षा बुधवार का सूचकांक कम है। बुधवार को भी राष्ट्रीय राजधानी में धुंध की मोटी परत छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक पिछले चार दिनों में सबसे कम दर्ज किया गया। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, वायु गुणवत्ता आंकड़ा दर्ज करने वाले 38 निगरानी केंद्रों में से किसी में भी एक्यूआई का स्तर गंभीर श्रेणी में दर्ज नहीं किया गया। शाम चार बजे 19 जगहों पर एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। बुधवार की सुबह राजधानी में धुंध के बाद आसमान साफ हो गया। खिली धूप और हवा के कारण भी प्रदूषण के स्तर में कमी देखी गई।

### अश्लील सामग्री पर अंकुश के लिए कानूनों को सख्त बनाने की जरूरत : वैष्णव

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि सोशल मीडिया मंचों पर अश्लील सामग्री पर अंकुश लगाने के लिए मौजूदा कानूनों को और सख्त बनाने की जरूरत है। उन्होंने इस संबंध में अधिक सख्त कानून बनाने के लिए आम सहमति का भी आह्वान किया। सूचना और प्रसारण मंत्री वैष्णव ने सदन में भाजपा सदस्य अरुण गोविल के एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि संसद की स्थायी समिति को इस मुद्दे को लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले संपादकीय निगरानी होती थी और यह तय होता था कि कुछ सही है या गलत, लेकिन अब वह जांच खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि आज, सोशल मीडिया प्रेस की स्वतंत्रता के लिए एक मंच है, लेकिन यह अनियंत्रित है और इस पर अश्लील सामग्री भी है।

### जहरीली गैस से 1 की मौत; 8 अस्पताल में भर्ती

**अनाकापल्ले।** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ले जिले में स्थित एक फार्मा फैक्ट्री में बुधवार को जहरीली गैस का रिसाव हो गया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, एक निजी फार्मा कंपनी टैगूर लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड से हाइड्रोक्लोरिक एसिड (HCL) युक्त जहरीली गैस लीक हुई है। इसके बाद कर्मचारियों को अचानक सांस लेने में दिक्कत और चक्कर आने की शिकायत हुई। तुरंत ही प्रभावित लोगों को पास के अस्पताल में ले जाया गया। फिलहाल कम से कम सात लोग अब खतरे से बाहर हैं।

### 13.5 लाख छात्रों ने दी रेलवे भर्ती की परीक्षा

**नई दिल्ली।** रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट की भर्ती के लिए 13.5 लाख अभ्यर्थियों ने तीन दिनों के भीतर परीक्षा दी है। इसमें कुल 18,799 पदों पर भर्ती होनी है। तीन दिनों के भीतर 15 शिफ्ट में यह परीक्षा आयोजित की गई है। सूत्रों ने बताया कि रेलवे बोर्ड की तरफ से भर्ती परीक्षा के लिए इस वर्ष कैलेंडर जारी किया गया था।

# अडाणी और संभल मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा

## संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण दिनभर के लिए स्थगित

संसद सत्र का दूसरा दिन

एजेंसी | नई दिल्ली

संसद में बुधवार को विपक्ष के हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित रही और कोई कामकाज नहीं हो सका। संभल हिंसा, अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए जेपीसी की मांग सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। लोकसभा और राज्यसभा की बैठक एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। संसद के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन लोकसभा की कार्यवाही प्रारंभ होने के साथ ही कांग्रेस के सदस्य अपने स्थान पर खड़े हो गए और अदाणी समूह से जुड़े मामले को उठाने का प्रयास करने लगे। सपा सदस्यों ने उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा की घटना को उठाने का प्रयास किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच प्रश्नकाल शुरू कराया। इस बीच, कांग्रेस और सपा के कई सदस्य आसन के निकट पहुंचकर नारेबाजी करने लगे।



### बिरला ने प्रश्नकाल चलने देने की अपील की

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और प्रश्नकाल चलने देने की अपील की। उन्होंने भाजपा सांसद अरुण गोविल का उल्लेख करते हुए कहा कि वह पहली बार प्रश्नकाल में प्रश्न पूछ रहे हैं, ऐसे में सदन की कार्यवाही चलने दी जाए। इसके बाद भी हंगामा नहीं थमने पर 11 बजकर पांच मिनट पर सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 12 बजे सदन फिर शुरू हुआ तो वही नजारा देखने को मिला।

### विपक्षी सदस्यों ने आसन के करीब आकर की नारेबाजी

विपक्षी सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी करने लगे। पीठासीन सभापति दिलीप सैकिया ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थान पर बैठने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। हालांकि, नारेबाजी जारी रही। शोर-शराबा जारी रहने पर उन्होंने करीब 12 बजकर 10 मिनट पर सदन की बैठक दिनभर के स्थगित कर दी।

### राज्यसभा में नोटिस अस्वीकार करने पर हंगामा

राज्यसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि उन्हें अदाणी, मणिपुर हिंसा, संभल हिंसा और दिल्ली में अपराध के बढ़ते मामलों पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत कुल 18 नोटिस मिले हैं। उन्होंने सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए। नोटिस अस्वीकार करने पर कांग्रेस सहित विपक्ष के अन्य सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसके चलते 11 बजकर 11 मिनट पर सदन की कार्यवाही 11 बजकर 30 मिनट तक के लिए स्थगित कर दी गई। दोबारा, जब सदन की कार्यवाही आरंभ हुई तो सभापति ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने स्थानों पर बैठे रहें और व्यवस्था बनाए रखें ताकि सूचीबद्ध कामकाज निपटाया जा सके। इसके बावजूद, कुछ सदस्य अपने स्थानों पर खड़े होकर नारेबाजी और हंगामा करते रहे। इसके बाद धनखड़ ने सदन की कार्यवाही गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### राज्यसभा में कांग्रेस ने जेपीसी के गठन के लिए नोटिस दिए



राज्यसभा में जीसी चंद्रशेखर, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सैयद नासिर हुसैन, नीरज डांगी और राजीव शुक्ला सहित कांग्रेस के कुछ अन्य सदस्यों ने अन्य प्राधिकरणों के साथ मिलीभगत से अदाणी समूह के कथित भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी और वित्तीय अनियमितताओं सहित अन्य कदाचारों की जांच के लिए जेपीसी के गठन के नोटिस दिए थे। तृणमूल कांग्रेस की सुष्मिता देव, द्रमुक के तिरुचि शिवा, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा और भाकपा के पी. संदोष कुमार ने मणिपुर में जारी हिंसा के मुद्दे पर, जबकि माकपा के जॉन ब्रिटास, एए रहीम, सपा के रामगोपाल यादव और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के अब्दुल वहाब ने संभल में हिंसा पर चर्चा के लिए नोटिस दिए थे। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने दिल्ली में अपराध के बढ़ते मामलों पर चर्चा के लिए नोटिस दिया था।

# बांग्लादेश में छात्र संगठन भी इस्कॉन के खिलाफ

▸▸ उपद्रवी संगठन बता बैन की कर रहे मांग

एजेंसी | ढाका

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ कट्टरपंथी संगठन एकजुट होते दिख रहे हैं। पहले कृष्ण भक्ति के लिए दुनिया भर में चर्चित ISKCON के मंदिरों पर हमले किए गए और फिर जब उसके खिलाफ चिन्मय कृष्णदास के नेतृत्व में आंदोलन हुआ तो उन पर भी ऐक्शन हुआ। फिलहाल चिन्मय कृष्णदास पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया है और उन्हें जेल भेज दिया गया है। मंगलवार को अदालत में उनकी पेशी के दौरान बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग जुटे थे और हिंसा भड़की थी। इसी दौरान एक वकील सैफुल इस्लाम की मौत हो गई थी, जिसके चलते ISKCON पर ही बैन लगाने की मांग शुरू हो गई।



### हाई कोर्ट में याचिका दाखिल

इसे लेकर हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। इसके अलावा छात्रों के संगठन ने भी आंदोलन किया है और बुधवार को ISKCON पर तत्काल मांग लगाने की मांग की गई। ऐंटी-डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट की ओर से चिट्टग्राम में रैली आयोजित की गई। इस दौरान छात्र संगठन के संयोजक हसनत अब्दुल्ला और सरजिस आलम ने कहा कि इस्कॉन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगनी चाहिए। इन लोगों ने कहा कि वकील सैफुल इस्लाम आलिफ की हत्या की गई है और उसके कातिलों को 24 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

### पंजाब में लॉरेंस के दो गुर्गे मुठभेड़ में गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने बुधवार को बताया कि जालंधर में मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई के दो गुर्गों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर हत्या, जबरन वसूली, शस्त्र



अधिनियम और मादक पदार्थ निषेध समेत कई मामले दर्ज हैं। उनके पास से तीन हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। दोनों की पहचान जालंधर के आदमपुर निवासी हरिंदर सिंह उर्फ हिंदा और न्यू देओल नगर निवासी सुखमनजीत सिंह उर्फ सुखमन के रूप में हुई है। एक्स पर एक पोस्ट में जालंधर पुलिस ने बताया कि जब दोनों बदमाशों का पीछा किया गया तो उन्होंने पुलिस पर गोली चलाई। इसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# मणिपुर के नौ जिलों में दो दिन और बढ़ा इंटरनेट पर प्रतिबंध

## गृह विभाग ने जारी किया आदेश

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर सरकार ने बुधवार को नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं के निलंबन को 29 नवंबर तक बढ़ा दिया। यह फैसला राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करने के बाद लिया गया है। राज्य के गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया, राज्य सरकार ने इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेर्जवाल और जिरिबाम जिलों में मोबाइल इंटरनेट और डाटा सेवाओं सहित वीएसटी और वीपीएन को जनता के हित में अगले दो दिनों तक निलंबित रखने का फैसला लिया है।



### राज्य में हिंसा बढ़ी

16 नवंबर को राज्य में हिंसा बढ़ने के बाद प्रशासन ने इंटरनेट सेवाओं को दो दिन के लिए निलंबित किया था, ताकि असामाजिक तत्वों के ऐसे कंटेंट का प्रसार रोका जा सके, जो कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा कर सकते थे। तब से इस निलंबन को कई बार आगे बढ़ाया गया है। हालांकि, राज्य सरकार ने ब्रॉडबैंड सेवाओं को मंगलवार को शर्तों के साथ बहाल किया है, ताकि आम लोगों, स्वास्थ्य सेवाओं, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य कार्यालयों को होने वाली दिक्कतों को कम किया जा सके।

# विधायकों के घरों पर हमले में महिला गिरफ्तार

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर की इंफाल घाटी में गत 16 नवंबर को विधायकों के आवास पर तोड़फोड़ में संलिप्तता के आरोप में 46 वर्षीय महिला थिंगबैजम सुशीला देवी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि जिरीबाम में हिंसा के बाद भीड़ ने इंफाल घाटी के विभिन्न जिलों में भाजपा के तीन और कांग्रेस के एक विधायक के आवास में आग लगा दी थी। सुरक्षा बलों और संदिग्ध कुकी-जो उग्रवादियों के बीच 11 नवंबर को हुई मुठभेड़ में 10 उग्रवादियों के मारे जाने के बाद जिरीबाम में राहत शिविर से मेइती समुदाय की तीन महिलाओं और तीन बच्चों के लापता होने के बाद हिंसा बढ़ गई थी। बाद में इनके शव बरामद किए गए। विधायकों के आवास पर भीड़



द्वारा किए गए हमलों के सिलसिले में अब तक 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इंफाल घाटी के सीमांत इलाके से लापता हुए एक व्यक्ति की तलाश में सेना ने ड्रोन और खोजी कुत्ते लगाए हैं। असम के कछार जिले के रहने वाले लैशराम कमलबाबू सिंह सोमवार दोपहर को कंगपोकपी के लेइमाखोंग सैन्य शिविर में काम करने के लिए घर से निकले थे और तभी से लापता हैं।

### सिर्फ जानवरों के बारे में नहीं, इंसानों के बारे में भी सोचना होगा : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के मुख्य क्षेत्र में निजी बसों के चलने के मुद्दे पर संतुलित दृष्टिकोण अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि 'केवल जानवरों के बारे में नहीं, इंसानों के बारे में भी थोड़ा सोचना होगा। शीर्ष अदालत ने जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के मुख्य क्षेत्र में निजी बसों के परिचालन की अनुमति देने के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है।

### कैलाश गहलोत ने दिल्ली विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री कैलाश गहलोत ने दिल्ली विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को भेजा है। कैलाश गहलोत हाल ही में आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए हैं।

# संदिग्ध गतिविधि के बाद पुंछ में तलाशी अभियान

एजेंसी | मेंढर/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने बुधवार को घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों ने पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर मेंढर सेक्टर में बेहारी राख जंगल और उसके आसपास के गांवों की घेराबंदी की। उन्हें कुछ लोगों की वहां मौजूदगी की सूचना मिली थी, जिनके आतंकी होने की आशंका है। बताया कि तलाशी अभियान देर रात तक जारी रहा।



### सीमा पर ग्रामीणों से सहयोग मांगा

पुंछ जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शफकत हुसैन ने नियंत्रण रेखा की त्रिस्तरीय बाड़ व्यवस्था से पहले बुधवार को दिगवान और तेरवान गांवों के लोगों से विशेष संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना देने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस बैठक का मकसद संबंधों को मजबूत करना और क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ाना है।

धरोहर | विश्व धरोहर सूची में शामिल होते ही अहोम राजवंश के मोइदाम बने आर्कषण का केंद्र

# पूर्वोत्तर में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने असम के पिरामिड

एजेंसी | चराइदेव

ताजमहल से करीब दो सौ वर्ष पहले बने अहोम राजवंश के राजाओं के मोइदाम (मकबरे) अब दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करने लगे हैं। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल होने के बाद से अहोम युग के इन मोइदाम को देखने के लिए देश के साथ ही विदेशी सैलानी भी वहां पहुंच रहे हैं। असम के परामिड कहे जाने वाले इन मोइदाम की तुलना चीन के शाही मकबरों से की जाती है। पर्यटकों की संख्या बढ़ती देख पर्यटन मंत्रालय को उम्मीद है कि आने वाले कुछ वर्षों में मोइदाम पूर्वोत्तर में पर्यटन का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। मोइदाम को इस साल जुलाई में दिल्ली में हुई 46वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक में विश्व धरोहर घोषित किया गया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले चार माह में दो सौ से ज्यादा विदेशी पर्यटक वहां पहुंचे। उनमें से ज्यादातर यूरोपीय देशों से थे। इसके अलावा करीब तीन हजार घरेलू पर्यटक भी वहां पहुंचे।



### अहोम कई बार हारे मुगल

असम में अहोम राजाओं ने 1228 से 1835 तक राज किया। मुगलों ने अहोम राजाओं पर जीत के लिए कई अभियान चलाए, पर नाकाम रहे। करीब छह सौ वर्ष की इस अवधि में 39 अहोम राजा गद्दी पर बैठे।

### 95 हेक्टेयर में फैला है यह क्षेत्र

एएसआई का कहना है कि पटकाई पहाड़ियों के बीच ये मोइदाम करीब 95 हेक्टेयर में फैले हैं। चराइदेव अहोम राजवंश की पहली राजधानी थी। चराइदेव का अर्थ अहोम भाषा में पहाड़ी शहर है। यह राजा सुकफा की स्थापित पहली राजधानी थी। राज्य के संस्थापक दक्षिण पूर्व एशियाई मूल के थे और उन्होंने असम को इसका वर्तमान नाम भी दिया। हालांकि, अहोम ने कई बार अपनी राजधानी बदली थी।

# जम्मू के 4 जिलों के 56 ठिकानों पर पुलिस की छापेमारी

एजेंसी | जम्मू

जम्मू कश्मीर पुलिस ने दो दिन में 56 आतंकवादी ठिकानों पर रेड कर जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के कई संदिग्ध आतंकवादियों और ग्राउंड वर्कर्स को गिरफ्तार किया है। जम्मू रीजन के चार जिलों में हुई छापेमारी में पुलिस को कई हथियार, कैश, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस और दस्तावेज बरामद हुए हैं।



### जरूरत पड़ने पर ऐसे और ऑपरेशन

इंटेलिजेंस के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को राजौरी जिले में घरों सहित 9 इलाकों की कई लोकेशन पर छापे मारे। इसके अलावा दो दिन में पुंछ की 12, उधमपुर की 25 और रियासी की 10 लोकेशन पर पुलिस ने रेड की। जम्मू जोन के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (ADG) आनंद जैन ने कहा कि जब्त किए गए सामान और जानकारी के आधार पर आगे की जांच की जाएगी। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए जरूरत पड़ने पर ऐसे और ऑपरेशन किए जा सकते हैं।